दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 23 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 254 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## लखनऊ में राजनाथ सिंह का हुआ भव्य स्वागत, खेली फूलों की होली



**लखनऊ :** राजनाथ सिंह के स्वागत के लिए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने राजनाथ सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने नेता के प्रति अपना समर्थन और उत्साह प्रदर्शित किया।

**भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह :** सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लखनऊ एयरपोर्ट पर मौजूद थे। उन्होंने अपने नेता के स्वागत में जोरदार नारे लगाए और फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यकताओं का उत्साह और ऊर्जा देखते ही बनती थी।

**तीसरी बार सांसद बनने पर स्वागत :** लखनऊ से तीसरी बार सांसद बनने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ में भव्य स्वागत किया गया।

**डिप्टी सीएम का विशेष अभिनंदन :** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ :** सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने लखनऊ एयरपोर्ट पर मौजूद रहकर राजनाथ सिंह का स्वागत किया और जोरदार नारेबाजी की।

## राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायतें

# जीडीए वीसी को कहा कार्रवाई को न करें पैनिक, तो पुलिस कमिश्नर से कहा जनता में ना हो पुलिस को लेकर डर

### मंत्री ने कहा गाजियाबाद और नोएडा में जल्द बनेंगे ओबीसी छात्रों के लिए छात्रावास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग व दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर स्थित गंगाजल गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक ली। मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से वातालाॅप की और गाजियाबाद की समस्याओं, योजनाओं और अन्य विषयों पर बातचीत भी हुई। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी को कहा है कि अवैध कार्रवाई हो तो कार्रवाई की जाए लेकिन जनता और मीडिया के बीच पैनिक ना किया जाए।

करवाई तो करें पर इसका शोर ना मचाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने आवास की कोई नई स्कीम लाने और मध्यम वर्गीय एवं निम्न वर्ग के लोगों के लिए भी राहत प्रदान करने की बात की है। तो वहीं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र को कहा है कि



डंडे से काम नहीं चलता, अपराधियों पर कार्रवाई करें। पर निर्दोष जनता में पुलिस को लेकर डर नहीं होना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को आगामी बारिश का सीजन ध्यान में रखते हुए नाले, नालियों की सफाई कराने और मच्छर व अन्य कीटों को लेकर छिड़काव कराने का भी निर्देश दिया है। बैठक में उन्होंने जिला

### पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों की हुई मंडलीय समीक्षा बैठक

अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल और अन्य अधिकारियों से भी वातालाॅप की है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता की सुनवाई में किसी प्रकार की कोई ढिलाई ना बरती जाए। प्रदेश स्तर पर दिए गए अभियानों और कार्यों की समय-समय पर अधिकारी भी समीक्षा करें।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बेहतर प्रयास और उनके विभाग का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बजट बढ़ाए जाने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान समीक्षा बैठक करने के बाद उन्होंने गेस्ट हाउस में पत्रकारों से भी बातचीत की और कई विषयों पर अपने विचार भी रखें। बीते दिनों हुए उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बारे में उन्होंने कहा है कि संगठन स्तर पर अलग-अलग जगह इसकी समीक्षा की जा रही है।

### छात्रों को मिलेगी अधिक स्कॉलरशिप और छात्रावास का लाभ

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि उनके पास पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग है। इस विभाग के जरिए वह ओबीसी वर्ग के छात्रों का भी कल्याण के लिए सोच रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि गाजियाबाद और गौतम बुद्धनगर में जल्द ही ओबीसी वर्ग के छात्रों के छात्रावास की व्यवस्था की जाएगी। जहां उनको निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि विभाग के माध्यम से प्रदेश में बेहतर व्यवस्था कराई जा रही है। पिछले वर्ष जो छात्रवृत्ति को लेकर शुल्क में देरी होती थी, उसे भी ठीक करने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने कहा स्कॉलरशिप का समय पर छात्रों को लाभ मिल सके। अमूमन देखा जाता है कि छात्र जुलाई और अगस्त में छात्रवृत्ति के लिए अप्लाई करते हैं। उनको यह धनराशि जनवरी या मार्च में जाकर मिलती है, जो ठीक नहीं है। जब छात्रों को छात्रवृत्ति की आवश्यकता है, उस समय ही मिलना चाहिए।

### ओबीसी परिवारों के लिए बढ़ाया गया अनुदान

**करंट क्राइम :** मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी है कि ओबीसी परिवारों के लिए शादी एवं पढ़ाई बेरोजगार के लिए अनुदान बढ़ाया गया है। पहले शहरी क्षेत्र में जहां 56000 और ग्रामीण इलाकों में 46000 की आय वाले लोगों को 20 हजार रुपये मिलते थे, तो अब इस राशि को बढ़ा दिया गया है। जिसके एक लाख रुपये तक की आय है, उसको अनुदान मिलेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2022 में किसके लिए कुल 75 करोड़ रुपए आवंटित किए जाते थे जबकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से उन्होंने अनुरोध किया तो 2023 में यह बजट बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए कर दिया गया है। ऐसा होने से ओबीसी वर्ग और निर्धन आय वर्ग वाले छात्रों को काफी लाभ भी मिलना शुरू हो गया है। मंत्री ने नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी है कि वर्तमान में 103 ओबीसी छात्रावास प्रदेश सरकार की देखरेख में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेरठ मंडल और बागपत में भी एक-एक छात्रावास संचालित है।

### ट्रिपल-सी लेवल के कोर्स की बढ़ाई गई मॉनिटरिंग

**दिव्यांगजन शक्ति विभाग के तहत 11 लाख पेंशन और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं**

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि छात्रावास के लिए जो मद 2023 में एक करोड़ था, उसे 2024 में बढ़ाकर 2 करोड़ कर दिया गया है ताकि छात्रावास में मरम्मत और अन्य कार्य कराए जा सके। ताकि इसमें रहने वाले छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राज्य मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि ऐसे छात्रों के लिए ट्रिपल-सी लेवल का कोर्स कराया जाता है। जिसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है कि कोर्स करने के बाद छात्रों को किस औसत में रोजगार मिला या उनको जो ट्रेनिंग दी गई वह उनके रोजगार के अनुसार प्रतिकूल थी या नहीं। इसके साथ ही मंत्री ने जानकारी दी है कि दिव्यांगजन शक्ति विभाग के तहत 11 लाख पेंशन और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।



### कानून व्यवस्था की स्थिति पर नरेंद्र कश्यप का सीपी को संदेश
## बदमाशों में हो पुलिस का भय पर जनता ना डरे

**करंट क्राइम :** शनिवार को पुलिस अधिकारियों के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जब समीक्षा बैठक की तो खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र मौजूद रहे। वह निवाड़ी में हुए डबल मर्डर के मामले के बीच समीक्षा बैठक में पहुंचे। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर से कहा कि डंडे से काम नहीं चलता है, अपराधियों



पर कार्रवाई हो। अपराधियों में पुलिस को लेकर डर हो पर निर्दोष पुलिस से ना डरें। वहीं जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर पुलिस कमिश्नर पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि इस मामले में विधायक पत्र लिख चुके हैं, इसपर उनका बोलना उचित नहीं है।

### टॉप 10 विभाग में पहुंचे मंत्री नरेंद्र कश्यप के विभाग

**करंट क्राइम :** शनिवार को विजयनगर स्थित गंगाजल गेस्ट हाउस में गाजियाबाद के पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि एक समय था, जब उनको दिए गए पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के कारण विभाग को मजबूत और प्रमुख नहीं माना जाता था लेकिन उन्होंने बीते दो साल पहले जब यह पदभार ग्रहण किया तो कोशिश शुरू कर दी थी कि इसके कार्य और योजनाओं को जन-जन तक पहुंच कर लाभान्वित करना है ताकि आने वाले समय में अन्य मंत्री भी इस विभाग की मांग करें। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बीते दो साल में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके द्वारा किए गए अनेकों कार्य की बदौलत ही वर्तमान में उनके दोनों विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के उन विभागों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं जो बेहतर काम कर रहे हैं और जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ऐसी प्रक्रिया में उनके दोनों विभाग टॉप 10 लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

### जीडीए वीसी और नगर आयुक्त को काम पर फोकस करने का दिया निर्देश

**करंट क्राइम :** अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान जब नरेंद्र कश्यप ने जीडीए वीसी से मुलाकात की और उनसे बातचीत की तो कहा कि अवैध करवाई तो करें पर पैनिक मत करिए। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह बताया कि बीते कुछ दिनों के वह अखबार देख रहे थे, जिसमें अवैध निर्माण पर कार्रवाई की खबरें बहुत संख्या में थी। उन्होंने कहा कार्रवाई तो करें पर इसका शोर ना मचाएं। ऐसा होने से जनता में बेवजह का अविश्वास और पैनिक वाली स्थिति पैदा होती है। इसके साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जीडीए उपाध्यक्ष से कहा है कि आवास की कोई नई स्कीम लेकर आए। बहुत लंबे समय से कोई आवासीय स्कीम नहीं आई है। कोई ऐसी स्कीम लेकर आए जिसमें एलआईजी, एमआईजी फ्लैट्स शामिल हो और ऐसी व्यवस्था हो कि इसमें निम्न आय वर्ग वाले और मध्यम आय वर्ग वाले लोग भी मकान खरीद पाए क्योंकि हर कोई बोली लगाकर मकान नहीं खरीद सकता है। उधर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि साफ सफाई की व्यवस्था पर और अधिक फोकस किया जाए। साथ ही आने वाला सीजन बारिश का सीजन है। बारिश में नालों में जलभराव और गंदगी रहती है। समय रहते उनकी सफाई कराई जाए ताकि बरसाती सीजन में मच्छर और कीट अधिक ना पनपे, इनसे बीमारी फैलने और आमजन को नुकसान होने का डर बना रहता है। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल से भी संबंधित विषयों पर बातचीत की। इस मौके पर उनकेअ मीडिया प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल व जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह मौजूद रहे।

# 4 जून के बाद क्या बढ़ गया है नगर निगम का कार्रवाई वाला पारा बाजार में पहुंचा बुल्डोजर और प्रवर्तन दल ने मंडी में छापा मारा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 4 जून का इंतजार हो रहा था। पार्षद प्रकरण के बाद ये आवाज भाजपा खेमे से आ रही थी कि 4 जून के बाद देखेंगे। हालांकि 4 जून का पूरे देश को इंतजार था। 4 जून का सभी सियासी दलों के नेताओं का इंतजार था। 4 जून का देश की जनता को इंतजार था क्योंकि 4 जून को लोकसभा चुनाव का नतीजा आना था और उसके बाद आचार संहित हट जानी थी। समझ तो इस बात को अधिकारी भी रहे थे कि भाजपा नेता कौन से लहजे में 4 जून के आने का इंतजार कर रहे हैं और पता भाजपा नेताओं को भी था 4 जून का इंतजार किसलिए कह रहे हैं।

लेकिन जब 4 जून आई तो पारा निगम कार्यवाही का हाई हुआ। जिस निगम से ये आवाज आई थी कि 4 जून के बाद देखेंगे उस निगम में ही अधिकारियों ने एज-पर-रूल कार्यक्रम चलाया और फूल वालों को ही सामने आकर कार्यवाही रोकने की बात कहनी पड़ी। 4 जून के बाद नगर निगम में इसके इफैक्ट दिखाई दिये हैं। अधिकारियों ने राजस्व वसूली अभियान तेज किया और पुराना शहर सब्जी मंडी में जब नगर निगम का दस्ता पोलिथीन जब्त करने पहुंचा तो यहां व्यापारियों और प्रवर्तन दस्ते के बीच विरोध हो गया। नौबत मारपिटाई तक आ गई और कांग्रेस पार्षद



### मुलाकात के दिन बीते पांच और नहीं आई कोई आंच

**करंट क्राइम।** 4 जून के बाद लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने भी ऐलान किया था लेकिन आचार संहिता हटने के बाद वो भी लाचार से दिखाई दिये। बड़ी बात ये है कि सरकार के विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ली। जिस प्रकरण की पूरे गाजियाबाद में गूंज है उस प्रकरण को लेकर उन्होंने अपनी बात रख दी। बाहर यही संदेश था कि बात हो गई है और एक्शन हो जायेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद माना तो ये जाता है कि पांच मिनट में एक्शन हो जाता है लेकिन यहां तो पहले पांच घंटे बीते और फिर पांच दिन बीत गये लेकिन तबादले जैसी आंच भी नहीं आई। सरकार के विधायक इंतजार करते रह गये और पांच दिन बीत गये। पांच दिन बाद उन्हें भी लग रहा होगा कि 4 जून वाली बात बेकार ही कह दी।

मौके पर पहुंचे। जब व्यापारियों का विरोध बढ़ा तो यहां भाजपा के डिप्टी मेयर यानी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा भी पहुंचे। निगम की कार्यवाही का विरोध हुआ और 4 जून के बाद पारा निगम का हाई दिखाई दिया। शुक्रवार को ये घटनाक्रम हुआ और ये माना जा रहा था कि अब निगम अधिकारी ब्रेक लेंगे। लेकिन अगले ही दिन शनिवार को नगर निगम का बुल्डोजर बिना किसी सूचना के शहर के सबसे व्यस्त बाजार तुराब नगर पहुंच गया।

नगर निगम के बुल्डोजर ने तोड़फोड़ शुरू कर दी और बाजार में अफरा तफरी मच गई। यहां पर भाजपा के पार्शद ने ही कार्यवाही रोकने का अनुरोध किया। भाजपा नेता और तुराब नगर व्यापार मंडल चेयरमैन ने निगम दस्ते से मोहलत मांगी। सवाल यही है कि लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार बन जाने के बाद आखिर दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कार्यवाही का ये बुल्डोजर क्यों चल रहा है। जिनकी सरकार है उन्हीं के बाजार हैं और वही लोग गुहार लगा रहे हैं। 4 जून के महीने में निगम का पारा हाई है। अब सवाल यही उठने लगा है कि क्या सबकुछ ठीक चल रहा है। अगर भाजपा के जनप्रतिनिधि ने आफ्टर 4 जून वाली बात कही थी तो क्या ये कार्यवाही उस बात का जवाब है। लेकिन इतना तय है कि 4 जून के बाद निगम में एक्शन वाला पारा हाई हो गया है और सूत्र बता रहे हैं कि बाकी बाजार भी तैयार रहें, कार्यवाही वहां पर भी होगी।

### पार्षद प्रकरण में भी केवल मिली जमानत नहीं हटी धाराएं

**करंट क्राइम।** नगर निगम पार्षद वाले मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंची। पार्षदों ने एकता दिखाई लेकिन बड़े पुलिस अधिकारी ने मुलाकात तक नहीं की। पार्षद एकजुटता की ज्वाला फिर शांत हो गई। मेयर और बड़े पुलिस अधिकारी के बीच भी वातालाॅप में लहजों को लेकर सवाल उठे और सामजस्य नहीं बैठ पाया। फिर इतना हुआ कि पार्षद जमानत पर बाहर आये और फूल वालों ने इसी ही अपनी जीत बताते हुए उन्हें मालाएं पहनाईं। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में किसी पर कोई आंच नहीं आई। जांच जारी है और कोई भी धारा नहीं हटाई गई है। जिस उपनिरीक्षक ने गिरफ्तार किया था उन्हें अच्छी जगह तैनाती और मिली है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# स्थिर और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए प्रतिबद्ध भारत : पीएम मोदी

● पीएम ने कहा कि हम ढाका के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांग्लादेश के सपने को साकार करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा पीएम ने कहा कि नई दिल्ली ढाका के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगी। पीएम मोदी ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बातचीत के बाद कहा, बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझेदार है। यह हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी, एक्ट ईस्ट पॉलिसी, विजन सागर और हिंद-प्रशांत विजन के संगम पर स्थित है। हमने मिलकर पिछले एक साल में अनेक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी परियोजनाएं पूरी की हैं। दोनों देशों के विकास साझेदारी, ऊर्जा, जल संसाधन, व्यापार, रक्षा सहयोग आदि समेत द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने कहा



कि दोनों देशों ने नये क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी (फ्यूचरिस्टिक) विजन तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, ब्लू अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी आम सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा, हम हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के फैसले का स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक समेत अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपना सहयोग जारी रखेंगे। बता दें कि दोनों नेता 2019 से अब तक 10 बार एक-दूसरे से मिल चुके हैं। जिससे संबंधों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने भारत में नई सरकार के गठन के बाद द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आए पहले अतिथि के रूप में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का राष्ट्रपति भवन के परिसर में स्वागत किया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बांग्लादेश की पीएम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। शेख हसीना उन अंतरराष्ट्रीय नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में 9 जून को पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था।

# केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को स्वाति मालीवाल मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी। बिभव कुमार को स्वाति मालीवाल पर 13 मई को हुए हमले के सिलसिले में 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने कुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था। उनके वकील ने इस याचिका का विरोध किया, जबकि अभियोजन पक्ष ने कहा कि कुमार मौजूदा जांच में हस्तक्षेप कर सकते हैं। उनकी पहले बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीस हजारी कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के सामने पेश किया गया। इससे पहले जज ने उनकी जमानत खारिज कर दी थी। 17 मई को स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें किस हद तक परेशान किया गया और किस तरह से उन्हें प्रताड़ित किया गया था।

## न्यूज डायरी

### छोटा शकील के साले की मुंबई के अस्पताल में मौत



**मुंबई।** टेरर फंडिंग के आरोपी आरिफ अबूबकर शेख उर्फ आरिफ भाईजान की शनिवार को मुंबई के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एडवोकेट एमबी शेख ने बताया कि आरोपी आरिफ अबूबकर शेख को सांस लेने में तकलीफ के बाद शुक्रवार देर रात सर जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह, भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील का साला था। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अबूबकर शेख का शव अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अबूबकर शेख और उसके भाई शब्बीर को माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर, छोटा शकील और अन्य के खिलाफ दर्ज टेरर फंडिंग मामले के सिलसिले में मई 2023 में गिरफ्तार किया था। उन पर हथियारों की तस्करी, नार्को-टेरर, मनी लॉन्ड्रिंग, फेक करेंसी की छपाई और उसको बाजार में चलाना, तथा अन्य अपराधों के अलावा अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया था। दोनों पर अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अन्य ग्लोबल संगठनों के साथ आतंकवादी संबंध रखने का भी आरोप लगाया गया था।

### पुल पर खराब हुई ट्रेन, जान जोखिम में डालकर लोको पायलट ने की मरम्मत



**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में रेलवे के दो कर्मचारियों की आज लोग खूब तारीफ कर कर रहे हैं। अपनी जान पर खेलकर ट्रेन में आई खराबी को ठीक करने वाले इन दोनों लोको पायलटों को समस्तीपुर रेल मंडल ने पुरस्कार देने की घोषणा की है। दरअसल, यह पूरा मामला समस्तीपुर रेल मंडल का है जहां लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार नरकटियागंज से गोरखपुर जा रही ट्रेन पर ड्यूटी पर थे। वाल्मीकिनगर और पनियहवा के बीच पुल संख्या 382 पर अचानक लोको इंजन के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर लीक होने लगा। इस कारण बीच पुल पर ट्रेन रुक गई।
जिस जगह पर लीकेज हो रहा था, वहां तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं था, इसलिए लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने जान जोखिम में डालकर लीकेज ठीक करने का फैसला किया। एक पटरी पर रेंगते हुए ट्रेन के नीचे से, जबकि दूसरा पुल पर लटककर उस वाल्व तक पहुंचा और वाल्व को ठीक कर लिया। अब इसकी चर्चा आसपास के इलाके में हो रही है। वहां कई लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। रेलवे भी इन दोनों लोको पायलटों के काम की तारीफ कर रहा है। समस्तीपुर रेल मंडल ने उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें 10 हजार रुपये का सामूहिक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि रेल के प्रति उनके साहसिक कार्य को देखते हुए 10 हजार रुपये पुरस्कार के साथ प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव में हार के बाद बंगाल में माकपा ने बदली रणनीति



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक भी सीट नहीं जीत सकी। इसके बाद माकपा की युवा विंग (शाखा) डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने अगले दो महीनों में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। डीवाईएफआई के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि अगले दो महीनों के दौरान, युवा शाखा के कार्यकर्ता पार्टी से उनकी सामान्य उम्मीदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए घर-घर जाएंगे। डीवाईएफआई के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा, हम अपनी पार्टी की छवि सुधारने के लिए जनता की राय भी लेंगे, ताकि आगामी चुनावों में इसका असर दिख सके। हाल ही में हमने देखा है कि हमारे सामूहिक पार्टी कार्यक्रमों या रैलियों में भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन ईवीएम के नतीजों में वही झलक नहीं दिखती। निश्चित रूप से, कहीं न कहीं विश्वसनीयता की कमी है, जो लोगों को हमारे उम्मीदवारों के समर्थन में ईवीएम बटन दबाने से रोक रही है। इसलिए हमें जनता से यह जानना चाहिए कि आत्मविश्वास की कमी कहां है। पता चला है कि माकपा की विस्तारित राज्य समिति की बैठक अगस्त के आखिरी हफ्ते में नादिया जिले के कल्याणी में आयोजित की जाएगी। जन संपर्क कार्यक्रम के निष्कर्ष वहां पेश किए जाएंगे। विस्तारित बैठक में संगठनात्मक नेटवर्क में मौजूद खामियों पर भी बातचीत की जाएगी। माकपा सूत्रों ने बताया कि बैठक में चर्चा के लिए आने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा पार्टी की पारंपरिक राजनीति की ओर वापस जाना है। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में शीर्ष स्तर के नेतृत्व को सीधे चुनाव लड़ने से बचना चाहिए, जैसा कि अतीत में प्रमोद दासगुप्ता, सरोज मुखर्जी, सैलेन दासगुप्ता, अनिल और यहां तक कि पश्चिम बंगाल में मौजूदा वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस जैसे नेताओं ने किया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन संगठनात्मक नेटवर्क को सुव्यवस्थित करने में लगा दिया और सीधे चुनाव लड़ने से परहेज किया। माकपा राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा, विस्तारित राज्य समिति की बैठक में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी के किसान और ट्रेड यूनियन विंग की ओर से उठाए जाने वाले आंदोलन की अगली रणनीति क्या होगी।

### सत्याग्रह के नाम पर ढोंग कर रहीं आतिशी, बीजेपी नेता का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गहराते पानी संकट को लेकर सियासत अपने चरम पर है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी पानी संकट को लेकर आप नेताओं के साथ मिलकर सत्याग्रह कर रही हैं, जिस पर बीजेपी नेता प्रवीण शंकर ने बड़ा आरोप लगाया है। प्रवीण शंकर ने वीडियो जारी कर कहा कि आतिशी सत्याग्रह के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रही हैं। एक तरफ जहां केजरीवाल अन्ना हजारे के साथ मिलकर दिल्ली के रामलीला मैदान में चौबीस घंटे सत्याग्रह किया करते थे, वहीं आतिशी रात 11 बजे के बाद गायब हो जाती हैं। उन्होंने कहा, ह्लमैंने अपने राजनीतिक जीवन में अनेकों आंदोलन देखे, अनेकों सत्याग्रह देखे, मगर आज हम गजब का सत्याग्रह देख रहे हैं। यह सत्याग्रह दिल्ली को पानी दिलाने के लिए है या पानी ना दिला पाने के प्रायश्चित के लिए। यह भी समझ नहीं आ रहा है, मगर मजे की बात यह है कि इस सत्याग्रह को लेकर ऐसी जानकारी मुझे मिली है, जिसे अगर मैं आपको बता दूं. तो आपके होश उड़ जाएंगे। मुझे जानकारी मिल रही है कि रात 11 बजे के बाद सारे सत्याग्रही गायब हो जाते हैं, जिसमें आतिशी भी शामिल हैं और अब सुबह के साढ़े 10 बजे जब मैंने एक वीडियो बनाया, तब वहां कोई नहीं था।

# सीवान में गंडक नहर का पुल गिरा, कई गांवों का आवागमन प्रभावित



**सीवान।** बिहार के सीवान में गंडक नहर पर बना पुल शनिवार को अचानक टूट कर गिर गया। इस घटना में हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिलर धंसते ही कुछ ही मिनट में पुल धड़ाम से गिर गया। इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जाता है कि घटना दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत का यह पुल काफी पुराना था और पानी के दबाव के कारण पिलर में कटाव होने लगा, जिससे पिलर गिर गया। गंडक नहर पर बना यह पुल महाराजगंज प्रखंड के पटेढी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था। इस पुल के टूट जाने से कई गांवों का आवागमन प्रभावित होगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अब आसपास के गांव में जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने जल्द इस पुल के निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल करीब 20 से 25 साल पुराना था। कुछ ग्रामीण कहते हैं कि दो दिन पहले इसमें दरार देखी गई थी और शनिवार सुबह यह पुल गिर गया। इससे पहले अररिया जिले में मंगलवार को बकरा नदी पर बना पुल धंस गया था। इस पुल का उद्घाटन भी नहीं हुआ था। सिकटी प्रखंड स्थित बकरा नदी के पड़रिया घाट पर पुल का निर्माण किया गया था। मंगलवार को पुल के दो से तीन पिलर नदी में धंस गए और पुल गिर गया।

# निष्पक्षता से प्रश्न पत्र लीक मामले की हो जांच, नहीं तो राजद करेगी खुलासा : तेजस्वी



**पटना।** नीट (यूजी) का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग जारी है। राजद के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने यहां कहा कि प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच एजेंसियां निष्पक्षता से जांच करें, नहीं तो जो नाम अब तक सामने आए हैं, उनके किसके-किसके साथ संबंध हैं, उसका राजद खुलासा करेगी। तेजस्वी ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया है कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ है और मुख्य साजिशकर्ता संजीव मुखिया का राज्य के बड़े नेताओं से संबंध है। उन्होंने चेतावनी दी कि निष्पक्षता से जांच हो, अन्यथा राजद खुद खुलासा करेगी और उन नेताओं के साथ मुखिया की तस्वीरें जारी करेगी। उन्होंने कहा कि राजद छात्रों और युवाओं का भविष्य खराब करने वालों को नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे जितना भी ध्यान भटकाने की कोशिश करे, लेकिन सच्चाई सामने आकर रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले तो वे पेपर लीक होने की बात मानने को ही तैयार नहीं थे और अब कानून बनाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पेपर लीक हो रहे हैं, ट्रेन दुर्घटनाएं हो रही हैं और पुल गिर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। घूम-फिरकर तेजस्वी और लालू यादव को ये लोग गाली देते हैं। ऐसा लगता है कि वे तो दूध के धूले हैं और जो हो रहा है, हम लोग ही कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि 15 अगस्त के बाद हम लोग मिलकर कार्यक्रम तय करेंगे और उसके बाद जनता के बीच में ही रहेंगे। हमने विधानसभा में भी कहा था कि नीतीश कुमार ने हमें वनवास नहीं दिया है बल्कि जनता के बीच भेजने का काम किया है। तभी से लगातार हम यात्रा कर रहे हैं। सड़क मार्ग के जरिए लगातार पूरे बिहार की यात्रा की है। उन्होंने पटना उच्च न्यायालय के आरक्षण की सीमा में वृद्धि रद्द करने के फैसले पर कहा कि अब जो बिहार में बहाली होने वाली है उसमें इन लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी पार्टी आंदोलन करेगी।

# कृषि क्षेत्र में बदलाव मेरी जिद, जुनून और जज्बा है, विज्ञान से जुड़ेगा किसान : शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मैं बड़ी आशा से आपके बीच आया हूं। यहां आना और मेरा भाषण केवल कर्मकांड नहीं है। कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देने की मेरी जिद, जुनून और जज्बा है, जो आपके साथ मैं मिलकर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहता हूं। हम प्रयोग करते हैं किसानों को बहुत बाद में पता चलता है। मैं खेत में बैठकर किसानों से भी बात करूंगा। मैं आपके निकट संपर्क में रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं चैन से बैठने वालों में से नहीं हूं। दिन-रात काम करूंगा। किसान का कल्याण करना है, उत्पादन बढ़ाना है। किसान भाई आधुनिक तकनीकों के आधार पर काम कर ही रहे हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि गेहूं में तो 45 मिलियन टन उत्पादन केवल इसलिए हो रहा है कि हमने जो रीसर्च कर नए बीज बनाए हैं, यह उसका परिणाम है। 45 हजार करोड़ का बासमती राइस हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं वो भी हमारे किसान भाईयों के कारण हो पा रहा है। जो अलग-अलग संस्थानों पर विभिन्न पद पर बैठे हैं, चाहे देश में बैठे हैं, चाहे विदेश में बैठे हैं, उन्हें भी मैं छोड़ूंगा नहीं, उन्हें भी मैं पकड़ूंगा और मैं कहूंगा कि साथ आओ हम सब मिलकर काम करें। कृषि के क्षेत्र को आगे बढ़ाना और किसान का कल्याण करना प्रधानमंत्री जी का विजन और हमारा मिशन है। जिस दिन से कृषि मंत्री बना हूं, दिन-रात सोच रहा हूं, बेहतर और कैसे करें। मुझे अहंकार नहीं है कि सब कुछ मैं ही जनता हूं या मेरे ऑफिस में बैठने वाले आईएएस अफसर ही जानते हैं। मैंने तय किया कि कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान हो, शिक्षा हो, उत्पादन हो, जिनके कारण बेहतर प्रगति हुई है। शिवराज ने कहा, मेरी चिंता है, आज मैं शेयर करना चाहता हूं कि हमारे यहां 86 प्रतिशत किसान स्माल मार्जिनल फार्मर हैं। डेढ़ एकड़, दो एकड़, ढाई एकड़, 1 हैक्टेयर। अब हमे खेती का मॉडल ऐसा बनाना पड़ेगा कि वह एक हेक्टेयर तक की खेती में कैसे अपनी आजीविका ठीक से चला सके। मैं कहता हूं उत्पादन बढ़ाना है, उत्पादन की लागत घटाना है, तीसरी चीज उत्पादन का ठीक दाम देना है। घाटे की नहीं फायदे की खेती बनाना है और उसके लिए हम और प्रधानमंत्री मोदी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसान को हमें विज्ञान से जोड़ना है। खेत, किसान से लेकर वैज्ञानिक तक अगर जुड़ जाए और ज्ञान सीधे किसान के खेत में पहुंच जाए तो चमत्कार हो सकता है। आपके और मेरे बीच एक फोन कॉल की दूरी है। मैं धीरे-धीरे अलग-अलग भी मिलूंगा लेकिन मिलने में समय लगता है। इसके लिए सुझाव भी आप मुझे भेज सकते हैं फिर हम चर्चा कर सकते हैं। कोई ऐसा रोडमैप बना लें जिस पर चलकर न केवल भारतीय कृषि और किसान का कल्याण हो सके बल्कि हम भारत को दुनिया का फूड बास्केट बना दें, दुनिया को अन्न खिलाएं, एक्सपोर्ट करें।

# मायावती ने साम्प्रदायिक ताकतों के सामने सरेंडर कर दिया : सुरेंद्र राजपूत




**लखनऊ।** कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने बहुजन समाज पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने साम्प्रदायिक ताकतों के सामने सरेंडर कर दिया है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने का दावा करने वाली मायावती आज के समय में उस लड़ाई को लड़ती हुई नजर नहीं आ रही हैं। कांग्रेस नेता ने मायावती को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वो संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण और दलितों के हक की लड़ाई नहीं लड़ेंगी तो इतिहास उनसे गंभीर सवाल पूछेगा। वहीं मायावती के भतीजे आकाश आनंद के राजनीतिक भविष्य को लेकर भी सुरेंद्र राजपूत ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा, बसपा आकाश आनंद को अपनी पार्टी का स्टार प्रचारक बनाती है या कोई और जिम्मेदारी सौंपती है, यह उनका अपना व्यक्तिगत विषय है। कांग्रेस पार्टी को इससे कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, आगामी उत्तराखंड उपचुनाव के लिए बसपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। जिसमें आकाश आनंद का नाम भी शामिल है। मंगलौर सीट पर हो रहे उपचुनाव में आकाश पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करते हुए नजर आएंगे।

गौरतलब है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। यूपी की 80 लोकसभा सीट पर बसपा के खाते में एक भी सीट नहीं आई। 9.29 (82.33 लाख) मत प्रतिशत के साथ बसपा प्रदेश में चौथे स्थान पर रही।

वहीं 2019 लोकसभा में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी बसपा को 10 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि इस बार के लोकसभा में सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा और बड़ी सफलता हासिल की। 37 सीटों पर जीत दर्ज कर सपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। वहीं कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि पिछले चुनाव में 62 सीटों पर कमल खिलाने वाली भाजपा को इस बार 33 सीटों के साथ संतोष करना पड़ा।

# फर्जी दस्तावेज के साथ भारत में रहने वाला बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार




**सूरत।** गुजरात की सूरत पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जो मूल रूप से बांग्लादेश का नागरिक है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से सूरत शहर में हिंदू बन कर रह रहा था। शख्स ने खुद को हिंदू बताने के लिए कई दस्तावेज भी तैयार किए थे, जिसमें आधार कार्ड से लेकर पैन कार्ड तक शामिल हैं। इन दस्तावेजों को उसने इसलिए तैयार किया ताकि उस पर किसी को शक ना हो कि वो भारतीय नहीं है। पुलिस के मुताबिक, उसके पास से बरामद हुए सभी दस्तावेज उसके हिंदू होने की पुष्टि करते हैं, लेकिन पूछताछ में सामने आया कि वो हिंदू नहीं, बल्कि मुस्लिम है और मूल रूप से बांग्लादेश का नागरिक है। अब ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब वो मूलतः बांग्लादेशी है, तो हिंदुस्तान में क्या कर रहा था? आखिर वो किस मकदस से बांग्लादेश की सरजमीं छोड़ हिंदुस्तान में दाखिल हुआ? फिलहाल, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, लेकिन मीडिया को अभी पुलिस ने कुछ नहीं बताया है। ताज्जुब की बात है कि उसने अभी तक ऐसी कोई जानकारी पुलिस को नहीं दी, जिससे इस पूरे मामले को लेकर किसी नतीजे पर पहुंचा जा सके। हालांकि, मामले की जांच जारी है। पुलिस ने कहा, ह्लहमने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है जो कि पिछले कई दिनों से गुजरात के सूरत शहर में रह रहा था, वो भी फर्जी दस्तावेजों के साथ। उसके पास से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं, जो कि उसके हिंदुस्तानी होने की पुष्टि करते हैं, लेकिन वो हिंदुस्तानी नहीं है। अब हम यह पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर वो किस मकसद से भारत आया था?

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों की वर्षा ऋतु के दृष्टिगत कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

● कार्य के प्रति उदासीनता बरतने वालों पर की जाएं विभागीय कार्यवाही: जिलाधिकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों की वर्षा ऋतु के दृष्टिगत निर्माण कार्यों, नालों की साफ-सफाई, याचिकाएं एवं स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को निकायवार सभी नगर निकायों में 14वें व 15वें वित्त आयोग व अन्य कार्यों, नगर पालिका, नगर पंचायतों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण आदि की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ एनजीटी, माननीय उच्चतम न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया गया। एमआरएफ फिजिकल प्रोग्रेस, नगर पालिका व नगर पंचायतों की ओवरव्यू रैकिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022/23 में गैप एनालिसिस, सामुदायिक/यूरिनल व सार्वजनिक शौचालयों की जांच व वर्तमान स्थिति, नगर पालिका व नगर पंचायतों में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों हेतु प्रचार-प्रसार की वर्तमान रिर्पोट, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के टूलकिट/पैरामीटर एवं नगर पालिका व नगर पंचायतों में एसबीएम 1.0 व्यय राशि आदि की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी मामलों से क्रमवार अवगत होते हुए कहा कि 14वें, 15वें वित्त आयोग में जो कार्य लम्बित चल रहे है उन्हें वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किया जाए। जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य समय पर नहीं किया जा रहा है या कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है उनके विरूद्ध नियमानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। उन्होने सभी निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु आने से पूर्व ही सभी नालों की सफाई का कार्य पूर्ण होना चाहिए यदि कहीं कोई नाला क्षतिग्रस्त है तो उसका शीघ्र-अतिशीघ्र निर्माण कराकर दुरूस्थ किया जाए। इसके साथ ही सड़कों, नालों के आसपास लगे कूड़े के ढेर व कूड़े को उसकी सही जगह डलवाकर, शहर को साफ-सुथरा बनाया जाएं, कहीं भी नालों में कूड़ा फंसने से जल भराव या पानी के प्रवाह में अवरोध नही होना चाहिए इसके लिए पूर्ण बंदोबस्त किया जाएं। मौसमी बीमारी से बचाव हेतु जगह-जगह दवाई के छिड़काव कराये। जिलाधिकारी ने न्यायालयों के प्रकरणों को देखने के बाद कहा कि सभी प्रकरणों को जल्द से जल्द खत्म करने का प्रयास किया जाए। इसके साथ उन्होने अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना को जनता तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाएं, समयान्तराल में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, यदि किसी भी अधिकारी या योजना से जुड़े किसी भी ठेकेदार या अन्य किसी के भी द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही, ढिलाई, उदासीनता बरती गयी तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएं। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित नगरपालिका सचिव, नगर पंचायत सचिव सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गांव खिंदौड़ा में पानी को लेकर खूनी संघर्ष, ताबड़तोड़ चली गोलियां दो की मौत

## एक घायल की हालत गंभीर, गांव में तनावपूर्ण स्थिति, हत्या के बाद हंगामा व हुआ प्रदर्शन, पुलिस कमिश्नर ने खुद किया घटना स्थल का निरीक्षण

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शुक्रवार की देर रात आम के बाग में दो लोगों को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों को गंग नहर में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक के शव को गंग नहर से निकालकर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उसे मृतक घोषित कर दिया। जबकि अन्य को दिल्ली रेफर किया गया। बाद में दूसरा शव भी पुलिस ने बरामद कर लिया। भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। गुस्सायें ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जाम लगाया। किसी तरह पुलिस ने लोगों को हड़काया ओर जाम मुक्त कराया। तीन आरोपियों को नाम घटना में सामने आया है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले घटना का खुलासा कर दिया है। जिसमें बिट्टू, दीपक और सुधीर को गिरफ्तार लिया गया है। खुद पुलिस कमिश्नर ने पुलिस बल के साथ मौके का जायजा लिया है। पुलिस बल के साथ मौके की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।








मौके पर निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दीनेश कुमार पी व पुलिस फोर्स।

### मौत के बाद गांव का माहौल गर्माया



मृतक राजा



मृतक पप्पू

**करंट क्राइम ।** निवाड़ी थानान्तर्गत गांव खिंदौड़ा निवासी वेदप्रकाश त्यागी के बाग में मेरठ के जानी थानान्तर्गत गांव रसूलपुर धौलड़ी निवासी पप्पू (55) अपने बेटे राजा (26) व चांद (22) के साथ बाग की देखभाल करते थे। वेदप्रकाश त्यागी के बाग के निकट ही गांव खिंदौड़ा निवासी सुधीर त्यागी का बाग है। शुक्रवार को सुधीर त्यागी से पप्पू व उसके पुत्रों की रजवाहे से पानी के बंटवारे को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। इस कहासुनी को वेदप्रकाश त्यागी ने हस्तक्षेप कर निपटा दिया था। रात्री करीब 10 बजे पप्पू अपने दोनों पुत्रों के साथ एक ही बाइक पर गांव वापस जा रहा था। इसी बीच रजवाहे मार्ग पर तीनों पिता पुत्रों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर रजवाहे में फेंक दिया गया। गोलियों की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले में सुधीर त्यागी, बिट्टू त्यागी व दीपक त्यागी का नाम सामने आया। पुलिस ने रात में ही बिट्टू को हिरासत में ले लिया। उधर रात में ही राजा का शव रजवाहे में मिल गया था।

### दीपक त्यागी पर हत्या व लूट के 8 मुकदमे दर्ज

**करंट क्राइम ।** दीपक त्यागी के खिलाफ मोदीनगर थानाक्षेत्र में हत्या, मारपीट व लूट के 8 मामले दर्ज हैं। आरोपी दीपक व उसके साथी वारदात के बाद फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार पी ने बताया कि शुक्रवार रात ग्रामीणों का पानी को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। एक हालत गंभीर है। उसका इलाज मेरठ में चल रहा है। मौके फोर्स तैनात है। मामले की जांच चल रही है।



हत्या के बाद खिंदौड़ा गांव पहुंचे पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र।



गिरफ्तार आरोपी सुधीर



गिरफ्तार आरोपी बिट्टू।



गिरफ्तार आरोपी दीपक।

### ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज से दहशत

**करंट क्राइम ।** हमलावरों ने पप्पू व उसके दोनों पुत्रों के शरीर में 12 गोलियां मारी हैं। पुलिस को तीनों के गोली पास से ही मारना प्रतीत हो रहा है। गोली मारने के बाद तीनों को रजवाहे में फेंका गया है। मेरठ के अस्पताल में चांद का इलाज चल रहा है। चांद के पांच गोलियां लगी हैं। पप्पू के सिर, छाती व पेट में गोली लगी। जबकि राजा के शरीर में चार गोली मारी गई हैं। पुलिस ने पप्पू और राजा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चांद को गंभीर अवस्था में मेरठ के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### मृतक पप्पू पशुओं का व्यापार करता था

**करंट क्राइम ।** 55 वर्षीय पप्पू के 12 बच्चे हैं। 6 लड़की व 6 लड़के, पप्पू अपने दो बड़े पुत्रों राजा व चांद के साथ पशुओं का व्यापार करता है। आम के सीजन में बाग ठेके पर लेता था।

### परिजनों ने की आरोपियों के एनकाउंटर की मांग

**करंट क्राइम ।** पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चांद गंभीर अवस्था में रजवाहे से निकाला गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पप्पू का शव रजवाहे में शनिवार की सुबह मिला है। पप्पू का शव मिलने के बाद से ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में पंहुचे ग्रामीणों ने हंगामा करते हुये पप्पू के शव को पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए अपने कब्जे में लेकर दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मुरादनगर गंगनहर पुल पर रखने के लिए चल दी। रास्ते में पुलिस ने भीड़ को रोक शव कब्जे में लेने का प्रयास किया तो फिर हंगामा हो गया। पुलिस ने मौके पर लाठीचार्ज कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर अभी भी भारी पुलिस बल तैनात है।

## सड़क पर मिली सिरकटी लाश, पुलिस जुटी तलाश में

### फॉरेंसिक और क्राइम टीम ने किया मौके का निरीक्षण

● पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** टीलामोड थाना क्षेत्र में पुलिस को आशीर्वाद ग्रीन सोसाइटी के पास सड़क किनारे सिर कटा शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना टीला मोड़ क्षेत्र के आशीर्वाद ग्रीन की दूसरी तरफ लोनी भोपुरा रोड़ पर सड़क किनारे गर्दन कटा हुआ शव पड़ा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर फील्ड यूनिट को बुलाया गया। जिसके बाद शव की फोटोग्राफी और विडीयोग्राफी कराई गयी। उन्होंने बताया कि अज्ञात मृतक की आयु लगभग 30 वर्ष है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना का अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## जल निगम चौकी प्रभारी सस्पेंड किसी काम नहीं आई सांसद की सिफारिश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत विजयनगर थाने की एक चौकी पर तैनात प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि उन्हें एक बेहद संवेदनशील मामले की जांच की गई थी। आरोपी को गिरफ्तार करने में लापरवाही पाई गई। साथ ही आरोपी ने पुलिस को चकमा देते हुए कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इस मामले में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर संबंधित चौकी इंचार्ज जल निगम जय सिंह राठी पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है पूरा मामला लाइन पार की एक चौकी से जुड़ा हुआ है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में पुलिस के कई अधिकारियों पर वेस्टर्न यूपी के एक सांसद की सिफारिश भी पुलिस के अधिकारियों पर आई थी लेकिन मामला जब बड़े साहब के कार्यालय तक पहुंच गया तो सिफारिश भी काम नहीं आई। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार की रात ही यह है सस्पेंड वाली कार्रवाई की गई है। जो शनिवार को पुलिस महकमें में जमकर चर्चा का विषय बनी रही।

उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं जिस उप निरीक्षक को सस्पेंड किया गया है, वह काफी पहले ही चौकी पर आए थे और लगातार वह रडार पर आ गए थे।




## जब तुराब नगर बाजार में पहुंच गया निगम का बुलडोजर

# व्यापारी नेता और स्थानीय पार्षद के अनुरोध पर डला बैक गियर





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम की टीम आज तुराब नगर बाजार में पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने लगी निगम की जे सी बी द्वारा अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों के चबूतरे भी तोड़े जाने लगे।

अचानक बिना किसी सूचना के बाजार में आने से व्यापारियों में अफरा तफरी मच गई तथा स्थानीय पार्षद नीरज गोयल तथा तुराब नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन रजनीश बंसल भी मौके पर पहुंचे और निगम के अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की। रजनीश बंसल ने कहा कि निगम को बाजार में कोई भी कार्रवाई के लिए आने से पहले व्यापारियों से वार्ता कर लेनी चाहिए थी तथा एक अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए था।

जिससे की जिन भी स्थानों पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसे व्यापारी स्वयं हटा लेते परंतु इस प्रकार से अचानक आकार कार्रवाई करना उचित नहीं है व्यापारियों को विश्वास में लेकर व्यापारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए निगम कोई भी कार्रवाई करेगा तो व्यापारी निगम का सहयोग भी करेंगे। इस वार्ता का सकारात्मक परिणाम हुआ की निगम के अधिकारियों ने व्यापारी नेता रजनीश बंसल को मानते हुए कार्रवाई रोककर वापस चले गए तथा व्यापारियों से निगम अधिकारियों ने अपील की जहां जो भी अतिक्रमण है वो व्यापारी स्वयं हटा ले जिससे निगम को कोई कार्रवाई ना करनी पड़े इसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता तो निगम कार्रवाई करेगा। इस पर व्यापारियों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया।

## पॉलिथीन हंगामे के बाद व्यापारी बना रहे हैं आगे की रणनीति

### हिरासत में लिए गए आरोपियों पर की गई 151 की कार्रवाई

● निगम पॉलिथीन दस्ता एवं व्यापारी मारपीट का मामला




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम ।** शुक्रवार को सब्जी मंडी में पॉलिथीन अभियान के दौरान नगर निगम और व्यापारी आमने-सामने आ गए थे। इस दौरान कुछ व्यापारी और नगर निगम के सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए, दो आरोपियों पर धारा-151 की कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है दोनों ही आरोपियों को जमानत भी मिल गई है। इसी के साथ व्यापारिक सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि नगर निगम और जीडीए द्वारा जिस तरीके से लगातार व्यापारियों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं, उसको लेकर नई रणनीति बनाई जाए। जानकारी यह मिली है कि सोमवार के बाद व्यापारी एकजुट होकर नगर निगम के खिलाफ पत्र मुख्यमंत्री या नगर विकास मंत्री को लिखकर अपना दर्द बयां करेंगे।

### क्या पार्षद भी बना रहे हैं रणनीति

**करंट क्राइम ।** सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरीके से सब्जी मंडी से सिहानी गेट पुलिस पार्षद प्रवीण उर्फ मुलायम को हिरासत में लेकर आई थी, इसके बाद बड़ी संख्या में अलग-अलग पर्टियों के पार्षद थाने पहुंचे। हंगामा, प्रदर्शन और नारेबाजी हुई। कई घंटे के हंगाने के बाद पार्षद प्रवीण मुलायम को थाने से रिहा किया गया था। सूत्र बता रहे हैं कि अंदर खाने पार्षद भी रणनीति बना रहे हैं कि लगातार पार्षद और उनसे जुड़े लोगों को पुलिस टारगेट कर रही है। उधर शनिवार को जिस तरीके से उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस के शीर्ष अधिकारी को आमजन में जनता का विश्वास बढ़ाने और निर्दोष लोगों में पुलिस के प्रति डर ना होने का संदेश दिया है उसके कई मायने लगाए जा रहे हैं।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दिए जल संरक्षण को लेकर कुछ सख्त सुझाव

## वॉटर हार्वेस्टिंग प्लांट से लेकर औद्योगिक क्षेत्र के पानी को लेकर रखी है बात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जल संरक्षण बहुत जरूरी है और यह अब आने वाले समय की सबसे बड़ी जरूरत और चुनौती दोनों है। मेयर सुनीता दयाल ने अवैध जल दोहन को लेकर एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो के बाद पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मेयर सुनीता दयाल को एक पत्र लिखा और अवैध जल दोहन को लेकर उन्होंने अपने सुझाव दिये। सबसे बड़ी बात ये है कि हिमांशु लव ने अपने सुझाव में बताया कि किस तरह वॉटर हार्वेस्टिंग की शर्त को हाशिये पर रख दिया जाता है और उन्होंने ये भी बताया कि वॉटर हार्वेस्टिंग प्लांट के साथ-साथ क्या ऐसा करें कि इसका लाभ मिले। वहीं उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में पीने के पाइप लाइन ना होने के कारण होने वाले नुकसान को बताया और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर उन्होंने सुझाव दिया।



### सबसे पहले लगता है सबमर्सिबल पम्प और रेनवॉटर प्लांट की बात हो जाती है जम्प

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने बताया कि जीडीए द्वारा 200, 350, 500 और 1000 वर्ग गज के जो भूखण्डों के मानचित्र स्वीकृत किये जाते हैं उनमें शर्त रखी जाती है कि आपको रेन वाटर हार्वेस्टिंग लवाना अनिवार्य है। जिसके लिए एक लाख रुपए से लेकर डेढ लाख रुपए तक के एफडीआर जमा कराता है। भूखण्ड मालिक से शपथपत्र लिया जाता है कि यदि वह रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट नहीं लगवायेगें तो उनके द्वारा जमा एफडीआर जब्त कर लिये जायेंगे। लेकिन भूखण्ड मालिक मकान की नीवं रखते ही सबसे पहले एक सबमर्सिबल पम्प लगाता है। वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट के लिए वह यह सुनिश्चित कर लेता है कि मैंने जो धनराशि जमा की है वह चाहे जब्त हो जाये और वह इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। वहीं जीडीए भी इस बात की आवश्यकता नहीं समझता कि भूखण्ड मालिक ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगवाये या नहीं लगवाये। प्राधिकरण इस बात से बेफ्रिक हो जाता है कि भूखण्ड स्वामी के एक से डेढ लाख रुपए प्राधिकरण में जमा हैं और वह इन्हें अपने खाते में समायोजित करते हुए रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जमा हो जाते हैं। हिमांशु लव ने सुझाव दिया है कि जीडीए उपाध्यक्ष से बात करके इस बात को सुनिश्चित करायें कि वॉटर प्लांट मालिक खुद लगवाये या प्राधिकरण की तरफ से लगवाये जायें।





### नगर निगम को करनी होगी यूपीएसआईडीसी से पानी को लेकर बात

करंट क्राइम। हिमांशु लव ने कहा है कि यूपीएसआईडीसी द्वारा विकसित सभी औद्योगिक क्षेत्रों में पीने के पानी की पाइप लाइन ना होने के कारण लगभग सभी फैक्ट्री मालिकों ने अपनी फैक्ट्रियों में सबमर्सिबल लगवाये हुए हैं। उस पानी को वो पीने अथवा इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने के लिए लेते हैं। हर औद्योगिक क्षेत्र में हर फैक्ट्री का जो प्रदूषित पानी है उसकी निकासी हेतु कोई पर्याप्त सुविधा यूपीएसआईडीसी द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गई है। जिसके कारण औद्योगिक ईकाइंर्या अपना प्रदूषित पानी पृथ्वी में रिवर्स ट्यूबवैल के माध्यम से डाल रहे हैं। इस विषय पर नगर निगम को यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों से बात कर समाधान निकालना होगा।

### वर्तमान सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं कर रहे हैं ठीक तरीके से वॉटर का ट्रीटमेंट

करंट क्राइम। हिमांशु लव ने नगर निगम के सीवरेज सिस्टम को लेकर भी सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा है कि गाजियाबाद में जो भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगे हुए हैं उनका नवीनीकरण उच्च क्वालिटी में किया जाना चाहिए ताकि ट्रीटेड वाटर को रिसाईक्लिंग करके औद्योगिक क्षेत्रों को सप्लाई किया जा सके। वर्तमान में जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगे हुए हैं वो सीवरेज वाटर का ट्रीटमेंट उचित प्रकार से नहीं कर रहे हैं।

## संपादकीय

# पीएम मोदी का कश्मीर दौरा

लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही वहां के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को संबोधित किया। उन्होंने न केवल वहां जल्द चुनाव कराए जाने का संकेत दिया बल्कि यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में अब ज्यादा देर नहीं है। बेशक ये दोनों मुद्दे जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल के करीब हैं, लेकिन इन पर ऐसी घोषणाओं से आगे बढ़कर काफी कुछ करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले ही दिन इन दोनों मसलों का जिक्र किया जो इस बात का संकेत है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में ये दोनों मुद्दे काफी ऊपर हैं। फिर भी ये घोषणाएं वहां तत्काल खास उत्साह नहीं जगा पाईं तो उसकी एक वजह यह भी है कि इनमें स्पष्टता की थोड़ी कमी पाई गई। प्रधानमंत्री की बातों से यह साफ नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब तक दिए जाने की योजना है। चुनाव की हैसियत संभवत यही कारण रहा कि पीएम मोदी के बयान के बाद वहां से यह मांग उठी कि सरकार को चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। विधानसभा चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर की समयसीमा तय कर चुका है। लेकिन चुनाव राज्य की विधानसभा के लिए होगा या केंद्रशासित क्षेत्र के लिए यह तय नहीं है। और प्रधानमंत्री का बयान भी उस पर कोई रोशनी नहीं डालता है।

कानून-व्यवस्था की चुनौती इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है। लेकिन फिर भी ये घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं। खासकर पीएम मोदी की यात्रा से कुछ पहले हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में चुनावों के दौरान उनकी तरफ से बाधा डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। 370 के बाद पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किए गए कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उसके बाद विकास का फल राज्य के लोगों तक ज्यादा आसानी से और ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है। लेकिन इस बारे में राज्य के लोगों की क्या राय है यह चुनावों से जाहिर होगा। समयसीमा आगे न बढ़े लोकसभा चुनावों में वोटिंग का दशकों पुराना रेकॉर्ड टूटना जरूर एक उपलब्धि है जो बताती है कि आतंकी तत्वों की लाख कोशिशों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया के जरिए मुख्यधारा से जुड़ने की आम लोगों की इच्छा कम नहीं हुई है। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी सूरत में चुनाव की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई समयसीमा आगे न बढ़ने दी जाए।

# बजट को लेकर तैयारियां शुरू, राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ की चर्चा : वित्तमंत्री



**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में हुई बैठक में राजस्थान से दीया कुमारी और यूपी से सुरेश कुमार खन्ना सहित राज्य के वित्त मंत्रियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि वित्त मंत्रालय इस समय बजट पर विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने की प्रक्रिया में है। वह अर्थशास्त्रियों, वित्त और पूंजी बाजार विशेषज्ञों और उद्योग निकायों से मिल चुकी हैं। पहली बजट पूर्व बैठक 19 जून को हुई थी।

देश 2024-25 के केंद्रीय बजट का इंतजार कर रहा है। ऐसे में सरकार उस दिशा में तैयारी कर रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बैठक की। आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए विधानमंडल सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों से सुझाव लेने के लिए वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा इस प्री-बजट बैठक का आयोजन किया गया था। भारत मंडपम में हुई बैठक में राजस्थान से दीया कुमारी और यूपी से सुरेश कुमार खन्ना सहित राज्य के वित्त मंत्रियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि वित्त मंत्रालय इस समय बजट पर विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने की प्रक्रिया में है। वह अर्थशास्त्रियों, वित्त और पूंजी बाजार विशेषज्ञों और उद्योग निकायों से मिल चुकी हैं। पहली बजट पूर्व बैठक 19 जून को हुई थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कॉर्पोरेट मामलों के विभागों के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। इसके अलावा, 21 जून को उन्होंने किसान संघों के नेताओं और कृषि अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की। बजट पूर्व बैठक के अलावा, सीतारमण आज 53वीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगी। दिन के दूसरे भाग में होने वाली बैठक नई सरकार के गठन के बाद पहली जीएसटी परिषद की बैठक है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे. केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा बुलाई गई जीएसटी परिषद की बैठक जीएसटी शासन से संबंधित मुद्दों, जैसे कर दरों, नीतियों में संशोधन और प्रशासनिक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की जाती है। परिषद, एक कर पर राज्यों और संघ के सहयोगात्मक विचार-विमर्श का एक साधन है, जो भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को आकार देने में एक प्रमुख खिलाड़ी है।

# यूलिप को निवेश बता नहीं बेच सकेंगी बीमा कंपनियां



**नई दिल्ली।** यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान(यूलिप) को निवेश बताने पर भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण(इरडा) सख्त हो गया है। इरडा ने अब निवेश उत्पाद बताकर यूलिप को बेचने पर रोक लगा दी है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) को निवेश उत्पाद के रूप में प्रचारित करने पर रोक लगा दी है। इसका मतलब है कि बीमा कंपनियां अब यूलिप को निवेश उत्पाद के रूप में नहीं बेच सकेंगी।

बीमा नियामक ने 19 जून के मास्टर सर्कुलर में कहा, यूनिट-लिंक्ड या इंडेक्स-लिंक्ड बीमा उत्पादों का निवेश उत्पाद के रूप में विज्ञापन नहीं किया जाएगा। कंपनियों को स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि बाजार से जुड़ी बीमा योजनाएं पारंपरिक एन्डॉमेंट पॉलिसियों से भिन्न हैं और उनमें जोखिम भी होता है। इरडा ने कहा, परिवर्तनीय सालाना भुगतान विकल्प के साथ लिंक्ड बीमा और वार्षिकी उत्पादों के सभी विज्ञापनों में जोखिम कारकों का खुलासा करना होगा।

बोनस में खेल नहीं कर पाएंगी कंपनियां इरडा में सर्कुलर में कहा, सभी विज्ञापनों में यह बताना होगा कि उत्पाद के बोनस या पिछले प्रदर्शन को भविष्य के लिए गारंटी नहीं माना जा सकता है।

यानी अगर किसी प्लान ने पिछले पांच साल में 25 फीसदी रिटर्न दिया हो तो वह अगले पांच साल में भी 25 फीसगी रिटर्न देगा, कंपनियां ऐसा दावा नहीं कर सकेंगी।

### विज्ञापन में लाइफ कवर के बारे में बताना जरूरी

सर्कुलर में कहा गया है कि सभी बीमा कंपनियां मौजूदा या नए इंश्योरेंस उत्पाद के तहत यूनिट-लिंक्ड फंड्स या इंडेक्स-लिंक्ड फंड्स के विज्ञापन में लाइफ कवरेज और इससे जुड़े उत्पाद के बारे में बताएंगी। इसके बिना कंपनियों की ओर से कोई कोई प्रेस रिलीज और बयान जारी नहीं किया जाएगा। यूलिप ऐसे उत्पाद होते हैं, जिनमें शेयर बाजार में निवेश किया जाता है। साथ ही, प्लान के आधार पर बीमा कवर मिलता है।

# अटल पेंशन योजना में रिकॉर्ड 1.22 करोड़ नए सदस्य जुड़े

## महिलाओं और नौजवानों की तादाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** अटल पेंशन योजना 18 से 40 साल की आयु वाले नागरिकों के लिए है। वे बैंक या डाकघर शाखा के जरिए योजना से जुड़ सकते हैं जिसमें उनका बचत बैंक खाता हो। इस योजना के तहत 60 साल की आयु से 1000 रुपये से 5000 रुपये प्रति माह की पेंशन मिलेगी। यह पूरी तरह से सब्सक्राइबर के योगदान पर निर्भर करेगी। मृत्यु होने पर जीवनसाथी को यही पेंशन दी जाएगी। 2023-24 के दौरान अटल पेंशन योजना में रिकॉर्ड 1.22 करोड़ नए खाते खोले गए। अब सरकार की इस सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कुल नामांकन 6.62 करोड़ हो गए हैं। यह जानकारी पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड अथॉरिटी के जुटाए डेटा से मिली है।




योजना में कैसे हो रहा एनरोलमेंट? अटल पेंशन योजना के आंकड़े बताते हैं कि कुल नामांकन का लगभग 70.44 प्रतिशत सरकारी बैंकों ने किया है। 19.80 प्रतिशत हिस्सेदारी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 6.18 प्रतिशत निजी क्षेत्र के बैंकों की है। 2.39 प्रतिशत सहकारी बैंकों ने किया है। 0.37 प्रतिशत लाभार्थियों का नामांकन पेमेंट्स बैंकों और 0.62 प्रतिशत स्मॉल फाइनेंस बैंक ने किया है।

# सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 71000 टन प्याज खरीदे



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज की खरीद की गई थी। अनुमानित तौर पर रबी उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति काफी हद तक पिछले साल के बराबर है। सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने के कुल लक्ष्य में से बफर स्टॉक के लिए इस साल अब तक लगभग 71,000 टन प्याज की खरीदारी की है। स

सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतें कम होंगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को प्याज का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले प्यात का मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज की खरीद की गई थी।

अधिकारी ने बताया, 'अनुमानित तौर पर रबी उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति काफी हद तक पिछले साल के बराबर है।' उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीदारी के लक्ष्य को हासिल करने की ओर बढ़ रही है। अधिकारी ने कहा कि सरकार प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए बफर में प्याज रखने या बाजार में छोड़ने के विकल्प का प्रयोग करेगी।

## राशिफल

**मेष:** निजी विषयों में भावनात्मक अंकुश बनाए रखें। कामकाजी प्रयास पक्ष में बनेंगे। रिश्तों पर जोर रखेंगे। तर्क विवाद से दूर रहेंगे। तार्किक संतुलन बनाए रखेंगे।

**वृष:** जरूरी सूचनाएं प्राप्त हो सकती हैं। साहस पराक्रम बनाए रखेंगे। संबंधों में सहज रहेंगे। सामाजिक कार्यां में पर जोर रखेंगे। वाणिज्यिक मामलों को गति देंगे।

**मिथुन:** परिवार में उत्सव का वातावरण बना रहेगा। निसंकोच आगे बढ़ेंगे। बड़ी सोच बनाए रखेंगे। वाणी व्यवहार प्रभावशाली रहेगा। परिजनों के साथ सुख सौख्य साझा करेंगे।

**कर्क:** कलात्मकता और रचनात्मकता बल पाएंगे। आधुनिक विषयों और गतिविधियों में रुचि लेंगे। स्वयं पर ध्यान देंगे। प्रियजन प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह:** जरूरी सूचनाएं मिल सकती हैं। न्यायिक मामलों में धैर्य दिखाएंगे। दूर देश की यात्रा हो सकती है। सभी का सम्मान बनाए रखेंगे। स्मार्ट वर्क बढ़ाएंगे।

**कन्या:** करियर कारोबार में शुभता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यां में सक्रियता दिखाएंगे। उपलब्धियां बढ़ेंगी। उल्लेखनीय मामले बनेंगे। व्यवसायिक योजनाएं फलेंगी।

**तुला:** शासन प्रशासन के मामले बनेंगे। कार्य व्यापार में आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा। सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। नवीन आर्थिक स्त्रोत निर्मित होंगे।

**वृश्चिक:** भाग्य वृद्धि बनी रहेगी। विभिन्न अवसर बढ़त बने रहेंगे। सकारात्मक परिस्थियितों का लाभ उठाएंगे। विभिन्न योजनाओं में गति आएगी।

**धनु:** भावनाओं का संतुलन बनाए रखें। अनुशासन और व्यवस्था में विश्वास बढ़ाएं। स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाएंगे। पूर्व मामले उभर सकते हैं।

**मकर:** सबसे सहज व्यवहार रखेंगे। साझीदारी से कार्य व्यापार संवारेंगे। औद्योगिक प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। स्थायित्व को बल मिलेगा।

**कुंभ:** विभिन्न संकेतों के प्रति सजग रहें। विपक्ष की सक्रियता बनी रहेगी। सावधानी से आगे बढ़ेंगे। लेनदेन में स्पष्टता बढ़ाएंगे।

**मीन:** प्रेम और स्नेह के मामले संवार पर बने रहेंगे। सफलता उम्मीद से अच्छी रहेगी। परीक्षा प्रतिस्पर्धा में जीत मिलेगी। मेल मुलाकात में सहज रहेंगे।

## चुटकुले

बस में खूबसूरत लड़की की ओढ़नी पकड़कर संता बोला...
**संता**- क्या यह पिंक रंग की ओढ़नी है।
लड़की संता के गाल पर थप्पड़ रशीद कर बोली- तुम्हारी बहन नहीं है क्या?
**संता**- है, अभी नानी गांव गई है।
**लड़की**- तो ओढ़नी क्यों देख रहे हो?
**संता**- पड़ोस की भाभी को गिफ्ट में पिंक रंग की ओढ़नी देनी है।

---

लड़की- कहां पर हो?
लड़का- स्कूटर से गिर गया हूं एक्सीडेंट हो गया है, हॉस्पिटल जा रहा हूं।
लड़की- ध्यान रखना, टिफिन टेढ़ा ना हो जाये, वरना दाल गिर जाएगी।

---

संता ने बोला बंता से- ये LIC वाले बड़े कमाल के लोग होते हैं।
बंता ने पूछा- कैसे ?
संता बोला- कमीने बीबी के पास बैठकर,उन्हें उनके पति के मरने के बाद होने वाले फायदे समझाते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- किसी शिशु को जन्म देते समय माँ को 20 हड्डियों के टूटने के समान दर्द होता है।
- नाखून काटते रहने का अर्थ है कि व्यक्ति किसी प्रकार की समस्या से ग्रसित है।
- मानव अपनी हड्डियों के कारण ही खड़ा हो पाता है इसलिए हड्डियों का महत्व अधिक है।
- सच बोलते समय इंसान अपने हाथो को अधिक बार हिलाता है किन्तु झूठी बात कहते समय वो बिल्कुल मूवमेंट नहीं करता है।
- जागते समय एक मनुष्य का मस्तिष्क 10 से 23 वाट की इलेक्ट्रिसिटी छोड़ता है जिससे एक बल्ब जल सकता है।
- किसी व्यक्ति को अधिक हँसी आने पर उसके हाथ चूँटी काटने पर हँसी रुक जाएगी।
- मानव के नाखून का रंग उसके स्वास्थ्य की सही जानकारी देते है।
- मनुष्य के हाथ की सर्वाधिक संवेदनशील अंगुली अँगूठे के पास वाली अंगुली है।
- करीबन 6 महीने की उम्र तक एक बच्चे के रोने पर उसके आँसू नहीं आते है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पैट कमिंस का हैट्रिक लेना भारतीय टीम के लिए शुभ संकेत, बन रहा यह गजब संयोग




### 11 साल के सूखे को खत्म करने उतरी टीम इंडिया

अगर टीम इंडिया विश्व कप जीतने में कामयाब रहती है तो 17 साल बाद टी20 विश्व कप ट्रॉफी उठाएगी। वहीं, 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी का सूखा भी खत्म हो जाएगा। भारतीय टीम ने पिछली बार कोई आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीती थी। तब महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। हालांकि, भारत के लिए यह राह आसान नहीं है। ट्रॉफी के रास्ते में अब भारतीय टीम को सुपर-8 में बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। फिर सेमीफाइनल और 29 जून को फाइनल खेला जाएगा। टीम इंडिया ने इस विश्व कप में अब तक ग्रुप स्टेज में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया है। कनाडा के खिलाफ मैच बारिश से धुल गया था, जबकि सुपर-8 में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को शिकस्त दी।

**बारबाडोस।** टी20 विश्व कप 2024 में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली। उन्होंने लगातार तीन गेंदों पर महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहिद हृदोय को आउट किया था। इस हैट्रिक के साथ कमिंस टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए। वहीं, टी20 विश्व कप में वह ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे गेंदबाज बने। कमिंस के ऐसा करते ही सोशल मीडिया पर कुछ संयोग की चर्चा शुरू हो गई है। यह एक ऐसा संयोग है कि जिसे देखकर भारतीय फैंस काफी खुश हो रहे हैं। कमिंस से पहले टी20 विश्व कप में हैट्रिक ब्रेट ली ने ली थी। उन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ ही ऐसा किया था। दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में खेले गए 2007 टी20 विश्व कप के उस मैच में ब्रेट ली ने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, मशरफे मोर्तजा और आलोक कपाली को लगातार तीन गेंद में पवेलियन भेजा था। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच जीता था। इसके बाद भारत ने टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। अब 17 साल बाद कमिंस ने इतिहास दोहराया है। उन्होंने भी टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ ही हैट्रिक ली। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच भी जीता। ऐसे में अब सिर्फ टीम इंडिया की जीत बाकी रह गई है। क्या भारतीय टीम इतिहास दोहरा पाएगी, यह तो देखने वाली बात होगी।

## भारतीय टीम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं कोच

**बारबाडोस।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में विराट कोहली को चुनौती मिल रही है, लेकिन उनके कमजोर प्रदर्शन से कम अनुभवी खिलाड़ियों को खुद को साबित करने और टीम के हित में योगदान देने का मौका मिल रहा है। भारत ने गुरुवार को यहां केंसिंग्टन ओवल में अफगानिस्तान को हराकर अपने सुपर आठ अभियान की बेहतरीन शुरूआत की। ग्रुप चरण में बल्ले से खराब प्रदर्शन करने वाले कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 24 गेंद में 24 रन बनाए। राठौड़ से कोहली के योगदान के बाद भी टीम की लगातार चौथी जीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मै खुश नही हूं। मुझे अच्छा लगेगा अगर वह अधिक रन बनाएं। हां, यह अच्छा है जब आपको कभी-कभी चुनौती दी जाती है। आप जानते हैं, जिन लोगों को कभी-कभी भारत में बहुत अधिक बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिल पाता, उन्होंने ही आज रन बनाए हैं।

## मार्करराम ने डी कॉक, रबाडा और महाराज को दिया इंग्लैंड के खिलाफ जीत का श्रेय

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)।** दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड पर 7 रन की जीत हासिल करते हुए टी20 विश्व कप 2024 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कप्तान मार्कराम ने क्विंटन डी कॉक की 38 गेंदों में 65 रनों की शानदार पारी की सराहना की। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने तेज शुरूआत करते हुए पावरप्ले में ही खूब रन बटोरे, लेकिन बाद में उनकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। डी कॉक ने 38 बॉल पर 4 चौके और 4 छक्के के दम पर 65 रन की पारी खेली। मिलर ने 43 रन की उपयोगी पारी खेली। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही। टीम ने 61 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। यहां से लियाम लिविंगस्टोन और हैरी ब्रूक ने 42 बॉल पर 78 रनों की आक्रामक साझेदारी कर



जीत की उम्मीद जगाई। फिर आखिरी 3 ओवर में कगिसो रबाडा, मार्को यानसन और एनरिक ने किफायती गेंदबाजी से इंग्लैंड को 20 ओवर में 156 पर रोक दिया। मैच के बाद मार्कराम ने अपनी टीम की प्रशंसा की। कप्तान ने कहा, इस टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। लेकिन विशेष रूप से इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने आखिरी ओवरों में दमदार प्रदर्शन किया। मार्कराम ने ब्रूक और लिविंगस्टोन द्वारा पेश की गई चुनौती को स्वीकार किया और अपने गेंदबाजों को संयम बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। अफ्रीकी कप्तान ने कहा, यह हमेशा मुश्किल होता है, आप गेंदबाजों के सर्वश्रेष्ठ कौशल को देखना चाहते हैं। आप उन्हें परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करने से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकने की आजादी देते हैं। आखिरी ओवरों में थोड़ी परेशानी हुई लेकिन यह ठीक है, यह खेल का हिस्सा है। आपको लियाम और ब्रूकी को श्रेय देना होगा, उन्होंने हमें दबाव में रखा। मार्कराम ने डी कॉक और हेंड्रिक्स के बीच ओपनिंग साझेदारी को भी जीत का श्रेय दिया। इस साझेदारी की मदद से टीम ने एक अच्छा टारगेट सेट किया।

## वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 9 विकेट से हराया, शाई होप की तूफानी पारी

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज ने केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप में यूएसए के खिलाफ अपनी दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 55 गेंदें शेष रहते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर-8 की दौर में खुद को कायम रखा और अंक तालिका में नेट रन रेट में बड़ी बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज के लिए जीत का मंच विशेष रूप से उनके स्पिनरों ने तैयार किया, जिन्होंने यूएसए की बल्लेबाजी यूनिट को तहस-नहस कर दिया। यूएसए ने मैच में शुरूआत अच्छी की, लेकिन पावरप्ले के बाद रोस्टन चेज ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। चेज ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और रोस्टन चेज ने 3-3 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने 2 विकेट झटके। गुडाकेश मोती को 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और



अमेरिका को 19.5 ओवर में 128 रन पर समेट दिया। 129 रन का टारगेट वेस्टइंडीज ने बड़ी आसानी से मात्र एक विकेट खोकर 10.5 ओवर में ही चेज कर लिया। अमेरिका की ओर से इकलौता विकेट हरमीत सिंह ने जॉनसन चार्ल्स (15 रन) का लिया। इस दौरान शाई होप ने यादगार पारी खेली। 39 गेंदों पर नाबाद 82 रनों की पारी में 4 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उन्होंने केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो वेस्टइंडीज के लिए टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक है। शुरूआत से ही होप के आक्रामक रवैये ने यूएसए के गेंदबाजों को बेबस कर दिया। उन्होंने खास तौर पर मिलिंद कुमार को टारगेट किया और उनके 9वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़े। होप का साथ निकोलस पूरन ने दिया, जो 27 रन बनाकर नाबाद रहे और सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज आसानी से अपने लक्ष्य तक पहुंचे। टूर्नामेंट के अधिकांश समय तक यूएसए ने अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच ने उनकी कमजोरियों को उजागर कर दिया। सुपर 8 के दूसरे ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका 4 अंक के साथ सबसे ऊपर है।

# सुपर-8 में बांग्लादेश से भारत की टक्कर, सेमीफाइनल के टिकट पर रोहित की नजर

**एंटीगा।** टी20 विश्व कप 2024 के 47वें मैच में शनिवार को भारत और बांग्लादेश की टक्कर होनी है। एक तरफ नजमुल शान्तो की अगुवाई वाली टीम है, जो यह मैच हारने की स्थिति में टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, वहीं दूसरी ओर जीत के साथ रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया सेमीफाइनल के बेहद करीब पहुंच जाएगी। सुपर 8 में विजयी शुरूआत करने के बाद अब भारत के सामने बांग्लादेश है। टूर्नामेंट में अब तक रोहित ब्रिगेड का पलड़ा भारी रहा है, लेकिन इतिहास गवाह है कि बांग्लादेश ने हर बार भारत को कड़ी चुनौती दी है। इसलिए कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले को कम आंकने की गलती नहीं करेंगे। बांग्लादेश की टीम अपना पहला सुपर 8 मैच ऑस्ट्रेलिया से हार चुकी है। जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ भारत ने एकतरफा मुकाबला



अपने नाम किया। भारत और बांग्लादेश के बीच कुल 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं और केवल एक में ही बांग्लादेश को जीत मिली है। 12 मैचों में जीत हासिल करने वाले भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप में अब तक चार मैच खेले हैं और हर बार बाजी मारी है। बांग्लादेश के लिए अब तक यह टूर्नामेंट मिला-जुला रहा है। ग्रुप चरण में उसने तीन मैच जीते थे और केवल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही उसे हार मिली थी। सुपर 8 में अब ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें हराया है। इस मुकाबले की अहमियत की बात करें तो यहां चुनौती बांग्लादेश के लिए अधिक है, क्योंकि यह सुपर-8 का 7वां मैच है। टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने की रेस में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला जीत चुकी है। लेकिन बांग्लादेश को हार झेलनी पड़ी, जिससे उनकी उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। टूर्नामेंट में बारिश की आशंका भी है, इसलिए हर मैच हर टीम के लिए काफी मायने रखता है। ग्रुप चरण में हम पहले ही देख चुके हैं कि अंक तालिका का समीकरण बड़ा उलटफेर कर सकता है। इसलिए कोई भी टीम रिस्क नहीं लेना चाहेगी। भारतीय टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी और मजबूत करना चाहेगी, जबकि पिछले मैच में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से हार झेलने वाली बांग्लादेश की नजर कमबैक पर होगी। वह सुपर-8 में अपनी पहली जीत की तलाश और टूर्नामेंट में बने रहने के इरादे से मैदान में उतरेगी। कुल मिलाकर फैंस को इस जोरदार टक्कर का लुत्फ उठाने का भरपूर मौका मिलने वाला है। भारत और बांग्लादेश के बीच का मैच एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच की शुरूआत भारतीय समय अनुसार शनिवार को रात आठ बजे से होनी है।

**टीमें** **भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज
**बांग्लादेश :** नजमुल शान्तो (कप्तान), तस्किन अहमद (उपकप्तान), जाकेर अली, तंज़िद हसन, तनजीम हसन साकिब, तनवीर इस्लाम, महमुदुल्लाह, मेहदी हसन, मुस्तफि जुर रहमान, रिशाद हुसैन, लिटन कुमार दास, शाकिब अल हसन, शरीफुल इस्लाम, सौम्य सरकार, मो. तौहीद हृदोय

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अफगानिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला: प्रीव्यू

**सेंट विसेंट (किंग्सटाउन)।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के ग्रुप-1 के एक अहम मुकाबले में अफगानिस्तान का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मुकाबला रविवार को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे किंग्सटाउन के सेंट विंसेंट मैदान पर खेला जाएगा, जहां पर स्पिनरों का बोलबाला रहा है। ऐसे में राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तानी स्पिनर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को चौंका सकते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक सिर्फ.एक टी20 मुकाबला हुआ है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। जहां ऑस्ट्रेलिया अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतने के बाद बांग्लादेश से भी सुपर-8 का पहला मुकाबला जीत चुका है, वहीं अफगानिस्तान को ग्रुप




मुकाबले में तीन जीत के बाद वेस्टइंडीज से हार मिली थी और उन्हें फिर सुपर-8 मुकाबले में भारत ने हराया। ऐसे में अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए यह मुकाबला जरूर जीतना होगा, वहीं ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले को जीतकर अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहेगा। सेंट विसेंट के इस मैदान पर स्पिनरों का बोलबाला रहा है। 2022 से इस मैदान पर हुए टी20 मुकाबलों में जहां तेज गेंदबाजों ने 20 की औसत और 21 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट लिए हैं, वहीं स्पिन गेंदबाजों के लिए यह आंकड़ा 12 की औसत और 13 के स्ट्राइक रेट से 27 विकेट है। इस दौरान दोनों तरह के गेंदबाजों के खिलाफ 6 की कम इकॉनमी से रन बने हैं। राशिद खान का यह विश्व कप काफी अच्छा गया है और वह पांच मैचों में नौ विकेट चटका चुके हैं। उनकी अगुवाई में अफगानी स्पिनर्स ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बांधने की कोशिश करेंगे। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पास एडम जम्पा नाम का तुरूप का इक्का मौजूद है, जो इस विश्व कप के पांच मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं। टीम मे वह एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं, लेकिन उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। हालांकि स्पिन की मददगार इस पिच को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया इस मैच में अपने दूसरे स्पिनर एश्टन एगर को भी मौका दे सकती है।

**टीमें** **ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), जॉश इंगलिश, एश्टन एगर, नाथन एलिस, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, एडम जम्पा, टिम डेविड, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड
**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, मोहम्मद इशाक, अजमतउल्लाह ओमरजाई, करीम जनत, गुलबदीन नईब, नजीबउल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, नवीन उल हक, नांगेलिया खरोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, मुजीब उर रहमान

## क्वींस क्लब की चोट के बाद एंडी मरे की होगी पीठ की सर्जरी

**नई दिल्ली।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे विंबलडन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक 9 दिन पहले पीठ की सर्जरी से गुजरेंगे। इस बात की जानकारी शुक्रवार को उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर दी से गई। विंबलडन 1 जुलाई से शुरू हो रहा है। एंडी मरे को क्वींस क्लब चैंपियनशिप में दूसरे दौर के मैच के दौरान चोट लगने के कारण पीठ की सर्जरी करानी होगी। मरे विंबलडन 2024 से पहले फिट होने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि यह काफी मुश्किल लगता है। एंडी मरे की मैनेजमेंट टीम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विंबलडन में उनके खेलने पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। एंडी की पीठ की सर्जरी शनिवार को होगी। इस सर्जरी के बाद ही उनके भविष्य को लेकर अधिक जानकारी दी जाएगी। तीन बार के ग्रैंड



स्लैम चैंपियन को बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद लंदन टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। यह मरे के शानदार करियर में एक और झटका है, जो शारीरिक चुनौतियों से भरा रहा है। मरे का पीठ की सर्जरी करवाने का फैसला उनकी स्थिति की गंभीरता और उनके शीर्ष फॉर्म में लौटने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उनके प्रशंसक और साथी खिलाड़ी उनकी तेज रिकवरी की दुआ और उम्मीद करेंगे कि वह कोर्ट पर जल्द कमबैक करेंगे। मरे ने कहा, सभी टेनिस खिलाड़ियों की तरह, मेरी भी पीठ में कई समस्याएं आती हैं, लेकिन मेरे पूरे करियर में यह मुख्य रूप से बायीं तरफ की समस्या रही है। मुझे कभी भी दाहिने हिस्से में बहुत अधिक समस्या नहीं हुई। इसलिए शायद इसकी पूरी तरह से जांच कर अब और तब के बीच कुछ ऐसा किया जा सकता है जिससे दाहिने हिस्से की समस्या को ठीक किया जा सके। यह पीठ की सर्जरी मरे के लिए नई बात नहीं है। उनकी दो बार पहले पीठ की सर्जरी हुई थी। टखने की चोट के कारण लगभग दो महीने तक बाहर रहने के बाद वो हाल ही में मई में कोर्ट में लौटे थे, लेकिन क्वींस क्लब में उन्हें एक और झटका लगा।

## भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक की हैट्रिक जमाई

**अंताल्या।** शीर्ष रैंकिंग की भारतीय महिला कंपाउंड टीम शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीत लिया। ज्योति सुरेखा वेनम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने रोमांचक फाइनल में छठी रैंक की एस्टोनिया को 232-229 से हराकर स्वर्ण जीता। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने इसके साथ ही तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने की हैट्रिक पूरी की। यह जीत 2024 तीरंदाजी विश्व कप सीरीज में भारतीय टीम के लिए स्वर्ण पदक की ऐतिहासिक हैट्रिक है, जिसने पहले इस साल की शुरूआत में शंघाई और येचिओन में आयोजित चरणों में शीर्ष सम्मान हासिल किया था। अंताल्या में स्टेज 3 पर, भारतीय महिला टीम ने सिर्फ 10 देशों के मैदान में पहले दौर में बाई के साथ अपना अभियान शुरू किया। इसके बाद उन्होंने अल साल्वाडोर को 235-227 और



मेजबान देश तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। एस्टोनिया के खिलाफ, भारतीय तीरंदाजों ने अपना संयम और सटीकता बनाए रखी और लगातार तीसरा स्वर्ण पदक पक्का किया। इसके विपरीत, शीर्ष क्रम की भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम, जिसमें प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे शामिल थे, को अधिक चुनौतीपूर्ण यात्रा का सामना करना पड़ा। तुर्की के खिलाफ नाटकीय सेमीफाइनल शूट-ऑफ के बाद वे फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। दोनों टीमें 236 पर बराबरी पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ (30*-30) में केंद्र के करीब शूटिंग करके तुर्की ने भारत को पछाड़ दिया। असफलता के बावजूद, भारतीय पुरुष टीम ने फ्रांस के खिलाफ कांस्य पदक मैच में बहादुरी से लड़ाई लड़ी। करीबी मुकाबले में भारत एक अंक से चूक गया और 236-235 से हारकर टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा।

# क्या बाबर आजम के खिलाफ बोलने की शहजाद को मिलेगी सजा?

**कराची।** टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से जमकर बवाल हो रहा है। कभी टीम के खिलाड़ी फैंस से झगड़ा करते हुए पाए जाते हैं तो कभी टीम के पूर्व खिलाड़ी मौजूदा सदस्यों पर निशाना साधते हुए दिखते हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान अहमद शहजाद ने कप्तान बाबर आजम के खिलाफ खूब बयान दिए। उन्होंने तो बाबर को 'सोशल मीडिया का किंग' और 'नकली किंग' कहकर भी बुलाया था। सिर्फ शहजाद ने ही नहीं, कई अन्य पाकिस्तानी यूट्यूबर्स ने भी बाबर की जमकर आलोचना की थी। अब कप्तान बाबर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इन सभी के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी में है।

**कानूनी कार्रवाई की तैयारी में बाबर**

जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम यूट्यूबर्स और



पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं, जिन्होंने उन पर मौजूदा टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के अभियान के दौरान देश की जनता से धोखेबाजी और जानबूझकर हारने का आरोप लगाया था। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि पाकिस्तान के अभियान के दौरान, बाबर को निशाना बनाने के लिए एक सोशल मीडिया अभियान का इस्तेमाल किया गया था। इससे वह बेहद निराश हो गए थे।

यह भी बताया गया कि यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों द्वारा दिए गए बयानों से संबंधित सबूत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कानूनी विभाग द्वारा एकत्रित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ी और अधिकारी बुधवार तड़के निजी एयरलाइन की उड़ान से लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वापसी करने वाले खिलाड़ियों में नसीम शाह, उस्मान खान और सीनियर मैनेजर वहाब रियाज शामिल हैं। हालांकि, 15 सदस्यीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने के बाद अमेरिका में अपने ठहरने को बढ़ाने का फैसला किया।

बाबर के साथ इमाद वसीम, हारिस रऊफ, शादाब खान और आजम खान के शनिवार को रवाना होने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर बाबर के पूर्व साथी रहे अहमद शहजाद पाकिस्तान के कप्तान की तब से आलोचना कर रहे हैं जब से टीम टी 20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद, पाकिस्तान की टीम इस साल ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई। पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। पाकिस्तान की टीम ग्रुप-ए में थी और इस ग्रुप से भारत और अमेरिका ने सुपर-8 के लिए क्वालिफाई किया था।

पाकिस्तान के बाहर होने के बाद हेड कोच गैरी कर्स्टन ने टीम को लताड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार ने कर्स्टन के हवाले से कहा, 'पाकिस्तान की टीम में कोई एकता नहीं है। वे इसे एक टीम कहते हैं, लेकिन यह एक टीम नहीं है। खिलाड़ी एक-दूसरे का समर्थन नहीं कर रहे हैं। हर कोई अलग-अलग है। मैंने कई टीमों के साथ काम किया है, लेकिन मैंने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी।' कर्स्टन ने खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर पर नाराजगी जताई थी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने यह भी कहा कि कौशल स्तर के मामले में टीम बाकी दुनिया की तुलना में काफी पीछे है। पाकिस्तान की अगली सीमित ओवरों की सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी। मेन इन ग्रीन तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जो चार नवंबर को शुरू होगी।

# बिल्डर ने खोदी सड़क सीवर लाइन डालने के लिए, बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा: अभिनव जैन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 99 वैभव खंड में एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी के आगे से सड़क खोदी गई है, ताकि साया की सीवरेज लाइन इससे मिलाई जा सके। ये आरोप पूर्व पार्षद अभिनव जैन के लगे है कि पूर्व में भी साया ने प्राइवेट खुदवा कर अपनी सीवर लाइन डाली थी। जो सालों तक रिपेयर नहीं हुई। अब पुनः यह कार्य चल रहा है जिसकी पेमेंट भी साया कर रहा है। बताया यह जा रहा है कि जीडीए का काम है। वार्ड की जनता कई दिनों से इस खुदाई को लेकर परेशान है, और आशंका जता रही है कि यह सड़क भी इसी तरह से खुदी पड़ी रहेगी। कब तक प्राइवेट बिल्डर अपनी मनमानी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह खुदाई विंडसर मार्केट तक कराई जा रही है, वह विंडसर मार्केट के आगे सीवर लाइन से उसको जोड़ा जा रहा है। विंडसर की सीवर लाइन नालियां पहले से चौक रहती है। अभिनव जैन के कहा कि






आखिर तोड़फोड़ वैभव खंड में कियो करी जा रही है। सारे दिन यह तोड़फोड़ चलती है जिससे बुरी तरह से धूल मिट्टी फैल चुकी है। पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने कहा कि 2018 में सर्वे एजेंसी द्वारा सिविल लाइन का सर्वे कराया गया था और यह बात सामने आई थी। कि किसी पर लाइन पर पूर्व में तय करी गई सीमाओं से अत्यधिक बोझ बढ़ गया है, क्योंकि जो बिल्डिंग के पहले 12 मंजिल की पास थी वह 20- 25 मंजिल की बन चुकी है। और सीवर लाइन पहले के अनुमान के हिसाब से ही डाली गई थी तथा इसको ठीक करने का एस्टीमेट 300 करोड रुपए का सर्वे एजेंसी ने निकाला था और अब बिना किसी डिजाइन के बिना किसी इंजीनियरिंग कंसलटेंसी के इतनी भारी तोड़फोड़



और सीवर पर इस तरह का लोड डालना उचित नहीं है यह सिर्फ एक बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। यह काम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की आड़ में किया जा रहा है। इस सम्बंध में जीडीए के अधिकारियों से इस कि मोबाइल पर शिकायत भी की है।

# बिजली कटौती पर भड़के लोग, कोयला एन्क्लेव पावर हाउस पर हंगामा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भीषण गर्मी के प्रकोप से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। गर्मी के चलते कहीं तार टूट रहे हैं तो कहीं उनमें आग लग रही है जिससे बिजली व्यवस्था का बुरा हाल बना हुआ है। वार्ड 29 कुटी क्षेत्र की दिन 9 से 2 बजे तक बिजली कटौती से नाराज लोगों ने कोयला एनकेव पॉवर हाउस का घेराव कर लिया और जमकर हंगामा किया। क्षेत्र में लंबे समय तक बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी से परेशान बड़ी संख्या में भीड़ बिजलीघर के बिजली घर में जा पहुंची और अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए नारेबाजी की। जब राहत की सांस ली तो लो वोल्टेज और ट्रिपिंग ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। राजकुमार चंदेला ने कहा कि कुटी क्षेत्र में आये दिन बिजली की समस्या हो रही जिस कारण लोग परेशान होकर बिजली घर पर हंगामा करना पड़ रहा है। इन अवसर पर राजकुमार चंदेला, सोनू प्रजापति, बुधपाल, सुरेंद्र सिंह सोरन, सत राज सिंह, राम प्रकाश सिंह, संदीप यादव, प्रमोद कुमार, सुमित, अनिल भड़ाना, राहुल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से हुए हैं लोकसभा चुनाव? तब से नहीं दिख रहा है त्यागी जी का रूद्र सा प्रताप? हम देख रहे हैं वो बहुत दिनों से नहीं गये हैं भगवा कमांडर के पास? ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने अब लगा दिया हो दिल्ली की राजनीति पर ध्यान? दे दिया है संदेश, तुम्हारे अंगने में अब हमारा क्या काम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि खोड़ा वाली मैडम भाटी अपने ही दम पर मजबूत कर रही हैं अब राजनीति की लाठी? भले ही छोड़ दिया हो कुछ चेहरों ने उनका साथ? बावजूद इसके मैडम भाटी राजनीति कर रही हैं लाजवाब? वैसे भी राजनीति का यही है संदेश? यहां अपनी ही ताकत का बनाना पड़ा है अपना बेस?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देना चाहते हैं भगवा नागर और भगवा रैड फेस मैन को एक सलाह? अगर वो चाहते हैं कि दोनों में से किसी एक का हो रेखा पार से टिकट? तो करके दिखायें वो अलग सा जलजला? करा दें सांसद जी के सम्मान में पांच हजार लोगों का प्रोग्राम? सच बता रहा हूं जिस दिन वो ऐसा कर देंगे? उस दिन सांसद जी फिर किसी और का नहीं लेंगे नाम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत मुश्किल लगता है बड़े वाले जनप्रतिनिधि का दिमाग पढ़ना? हमें पता ही नहीं चलता है कि आखिर वो क्या चाहते हैं करना? कभी कहते हैं कि पंजाबी और गुर्जर चेहरे पर होना चाहिए शहर सीट पर गंभीरता से विचार? फिर तुरंत कहते हैं कि यहां पर नहीं है इतना इनका जनाधार? फिर वो पैरवी में लेते हैं वैश्य समाज का नाम? फिर कहते हैं जब इतने सारे वैश्यों के पास जिम्मेदारी है तो फिर इस बार यहां से मुश्किल है किसी का आना नाम? फिर करते हैं वो ब्राह्मण चेहरे को लेकर बात? कहते हैं जब इस समाज से पार्टी ने बनाया हुआ हैं मंत्री? तो फिर मुश्किल है इनको भी टिकट मिलने के हालात? लास्ट वो खत्म करते हैं बात? फिर कहते हैं हमारी समझ में तो आ रहा है कोई जाट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा जायसवाल जी भाजपा में कितने पुराने हैं? इस बात का मत लगाओं आप ज्यादा अंदाजा? हम कुछ ऐसा आपको बतायेंगे जिससे आपका दिमाग हो जायेगा ताजा-ताजा? जब वो बहुत छोटे थे उन्होंने अपने हाथ से खिलाई थी अटल जी को मिठाई? उनका पूरे परिवार का इतिहास संघ से जुड़ा रहा है? उनको जरूरत नहीं है कि वो दें किसी बात की दुहाई?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गुरू जी ने अगर इस बार लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को लेकर सोचा होता यार? सच बता रहा हूं इस बार हो गया होता उनका बेड़ा पार? पार्टी को थी यहां से मजबूत ठाकुर चेहरे की तलाश? मगर गुरू जी तो जनरली 100 प्रतिशत हो चुके थे समर्पित? इसलिए बिगड़ गया सारा गेम, खत्म हो गया उनकी दावेदारी का क्लेम? अगर मांगते वो खुलकर टिकट? आज शायद सांसद के रूप में छाया हुआ होता उनका फेम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम भगवा सरदा को बताना चाहते हैं एक कहानी? उन्होंने जनरली एक समय साहब के पक्ष में भरा है काफी पानी? पानी से भरी हुई ये समर्थन की बाल्टियां अब बनकर नदी बनकर हो गई है तैयार? सुना है पार्टी का ही एक बड़ा चेहरा उनकी दावेदारी को इस नदी में बहाने वाला है? जिसके सामने वो रखकर आये थे अपनी दावेदारी के विचार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब को भले ही मिल गई हो बड़े वाली जीत? मगर उनका दिल है अभी भी विधानसभा के नजदीक? उन्हें लगातार सता रही है इस बात की चिंता? कि जो लड़ेगा विधानसभा चुनाव वहां पर क्या रहेगा हार जीत का आधार? अगर जीत का आंकड़ा कम रहा गया? तो फिर खराब हो सकती है बात? वैसे भी उपचुनाव में होती है बहुत कम पोलिंग? इसलिए गर्ग साहब के लिए इस बार टफ रहेगा करना बोलिंग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आ गई बड़े आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर वाली लिस्ट? हम सोच रहे थे स्टोरी में आयेगा किसी बड़े अधिकारी का ट्रांसफर वाला ट्विस्ट? हमने सोचा था मुलाकात के बाद बहुत जल्दी बदलेंगे हालात? लिस्ट भी आ गई ट्रांसफर भी नहीं हुआ और मामला रहा बस ढाक पे तीन पात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह कमांडर के दोस्त पहलवान अध्यात्म की राह पकड़ चुके हैं श्रीमान? लगातार लगा रहे है वो पूरे देश में धार्मिक टूर? पूजा-पाठ कर रहे हैं भरपूर? लग रहा है आने वाले समय में वो ले लेंगे राजनीति से सन्यास? बन जायेंगे वो महामंडलेश्वर, ऐसा हो रहा है हमको एहसास? सन्यासी होने के बाद फिर करेंगे वो नए अंदाज में राजनीति में वापसी? जो भी हो फिलहाल तो कमांडर के दोस्त हो रहे हैं इस वक्त बहुत ज्यादा तापसी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# शिकायत के बाद भी नहीं हो रही नालों की सफाई: हरीश कडाकोटी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बरसात का मौसम होने वाली है, इंदिरापुरम के न्याय खंड-1, अभयखंड व ज्ञान खंड-1 में नालों गंदी से आटे है।

क्षेत्रीय पार्षद हरीश कड़ाकोटी कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में पिछले तीन महीने से कई बार शिकायतें करने के बावजूद इंदिरापुरम के वार्ड- 79 में नालों की सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने भी प्राधिकरण के सचिव व मुख्य अभियंता से नाले की सफाई के सम्बंध में बात की थी। लेकिन अभी कुछ नही हुआ है। अब बरसात का मौसम आ रहा है, यहां पर जल भराव की स्थिति वडी विकट हो जाती है। उन्होंने कहा कि समय से नालों की सफाई हो जाये तो जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी।





# एनडीआरएफ की 8वीं वाहिनी, गाजियाबाद में ओलम्पिक साईज स्वीमिंग पूल का शिलान्यास









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कैम्पस में रैस्क्युअर के लिए ओलम्पिक साईज के स्वीमिंग पूल का शिलान्यास डॉ0 अनुपम गौतम अध्यक्षा ठहहअ 8वी वाहिनी एनडीआरएफ के कर कमलों द्वारा किया गया। वाहिनी कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि स्वीमिंग पूल बनाने का मुख्य उद्देश्य रैस्क्युअरों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से अभ्यास करवाना है साथ ही रैस्युअर राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए भी इसका भरपूर लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नीरज कुमार ठाकुर, वाहिनी द्वितीय कमान, तथा वाहिनी के अन्य अधिकारियों के साथ चन्द्र मौली तिवारी, मुख्य अभियन्ता, के.लो.नि. विभाग तथा के.लो.नि. विभाग के अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## हापुड़ में गांधी पार्क के पास मिला शव

**हापुड।** नगर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका स्थित गांधी पार्क में एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मृतक शराब का अत्याधिक सेवन करता था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु का कारण पता चल सकेगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह को एक व्यक्ति का शव नगर पालिका स्थित गांधी पार्क के पास पड़ा देख लोगों के होश उड़ गए। शव मिलने की सूचना पर आसपास के काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शव देख मौके पर अफरा-तफरी माहौल बन गया। लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त कराने पर पता चला कि गांव काशीपुर थाना तस्बोर जनपद सीतापुर निवासी 32 वर्षीय श्याम मिश्रा है। पिछले 18 सालों से वह हापुड़ में ही रहता था। कुछ दिनों हलवाई की दुकान पर काम करता था, लेकिन उसके बाद वह शराब पीने का आदि हो गया।




## क्या 30 जून तक फिर खाली होंगे चार थाने

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में शुक्रवार की रात 188 टू-स्टार को कमिश्नरेट से बाहर जाने के आदेश आ गए हैं। इस आदेश के बाद फिर एक बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नदियापार से लेकर सिटी और देहात जोन में थानावार समीकरण बदलने वाले हैं। सूत्र बता रहे हैं कि शासन स्तर से जिन टू-स्टार की रवानगी का गोपनीय पत्र आया है, उसमें 30 जून अंतिम तिथि है। अब 30 जून तक तबादला किए गए सभी टू-स्टार को कमिश्नरेट छोड़ना है। देखना होगा किस पर आलाधिकारियों की कृपा बरसती है और किनके रवानगी के आदेश पर उनको आगे रवाना किया जाता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस नई तबादला लिस्ट के बाद पुलिस कमिश्नरेट के थाने वाले सिस्टम में भी टविस्ट् आएगा। बताया जा रहा है कि कई थाने ऐसे हैं जिन पर 2015 बैच वाले टू-स्टार वर्तमान में कुर्सी पर जमे हुए हैं, अगर 30 जून इनके रवानगी की डेट हो गई, तो इन थानों पर फिर से नए फेस तलाशे जाएंगे। इसमें दो थाने देहात जोन के अंतर्गत आते हैं। तो एक थाना सिटी और एक नदियापार का है। बताया जा रहा है कि अगर लखनऊ वाला प्रेशर बढ़ा तो 30 की रात उनके लिए कमिश्नरेट में आखिरी रात होगी। उधर कमिश्नरेट कार्यालय वाले बता रहे हैं कि जिस तरीके से पश्चिम के कई जनपदों में टू-स्टार की तबादला लिस्ट आने के बाद ही उनको रिलीव करने का काम शुरू हो गया है, ऐसा अगर कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हुआ तो अधिकारियों की भी टेंशन बढ़ेगी। इसी के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक चौकियों पर भी इसका इफेक्ट पढ़ने वाला है। कई थानों की खास चौकियों पर 2015 बैच वालों का कमाल बीते कई सालों से देखने को मिल रहा था। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि 2015 बैच गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में बड़ी संख्या में तैनात है। अब इनकी रवानागी के आदेश होने से कई साइड इफेक्ट और लिस्ट वाला टविस्ट भी आएगा। उधर जिन लोगों का तबादला पास वाले कमिश्नरेट में हुआ है, वह वहां अपनी फीलि्डंग सजाने में अंदर अंदर जुट गए हैं, पर सूत्र बताते हैं कि जैसा मामला खास कार्यालय पर यहां पर टाइट है, उससे भी ज्यादा टाइट पास वाले कमिश्नरेट का बताया जा रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डंका बजाने वाले 2015 बैच के फेस के नए कमिश्नरेट में क्या कर पाते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से 30 जून तक बड़ी संख्या में टू- स्टार की रवानगी के आदेश सुनने में आते रहेंगे।



# अखिल भारतीय जाट महासभा ने जताया विरोध

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोशल मीडिया पर जारी करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू का एक वीडियो जो कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जारी किया गया है, उसमें जाट समाज के लिए बेहद घृणित और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। सूरजपाल अम्मू के द्वारा जाट समाज को अपना डीएनए टेस्ट कराने पर उनके पिता पड़ोसी होने जैसे बयान देकर समाज को अपमानित किया गया। इतना ही नहीं सूरजपाल अम्मू के द्वारा जाट समाज के साथ-साथ गुर्जर समाज को भी अपमानित करने का काम किया गया जिससे समाज में रोष व्याप्त होने के साथ ही समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं जिससे समाज में विघटन और जातीय टकराव की संभावना बढ़ गई है। इसके विरोध में जाट समाज के लोगो ने अरूण चौधरी भुल्लन सोपा ज्ञापन। इस मौके पर अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन, महासचिव अरविंद बालियान, रविंद्र चौधरी, भूपेंद्र बॉबी, प्रताप चौधरी, नवीन चौधरी, मोहित मलिक, रामकुमार पवार, डॉ अजय चौधरी, अनुज चौधरी, विशाल सिरोही, गुड्डू मुखिया, रविंद्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, अंकित भरना, राजेंद्र चौधरी, विक्रांत चौधरी, , आकाश चौधरी, राकेश चौधरी, विजय जाट, सुनील चौधरी, प्रशांत चौधरी, अमित चिपियाना, संदीप चौधरी, दीपक चौधरी, देवेंद्र सिंह राजोरा, कविंद्र चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।






## हापुड़ में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़

**हापुड।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित एक प्राइवेट बस में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप लगा उसके पिता ने हंगामा कर दिया। इस पर बस सवार यात्रियों ने एक युवक को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद यात्री आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले गए और पुलिस को सौंप दिया। हालांकि, अभी मामले में तहरीर नहीं दी गई है। उधर, पुलिस सीट पर बैठने को लेकर विवाद होने का दावा कर रही है। दरअसल, मेरठ के रहने वाले एक व्यक्ति अपनी 8 साल की बेटी के साथ घर जाने ले लिए सवारी के इंतजार में मेरठ रोड पर खड़ा था। काफी समय बाद एक बस वहां आकर रुकी, जिसमें व्यक्ति अपनी बेटी के साथ बैठ गया। इसी बीच व्यक्ति ने पास की सीट पर बैठे युवक पर बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान बस सवार अन्य यात्री आग-बबूला हो गए और उन्होंने युवक को दबोच कर बस से नीचे उतार दिया। आक्रोशित लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा।

# अमरनाथ यात्रियों के लिए भेजी गई भंडारा सामग्री



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुक्रवार को गाजियाबाद के समस्त व्यापारियों, सम्मानित सदस्य व भक्तों के सहयोग से एकत्रित की गई तीन ट्रैक खाद्य सामग्री व भंडारे के सामना के साथ अमरनाथ यात्रा कश्मीर पर लगने वाले विशाल भंडारे के लिए चंदनवाड़ी बैंस कैम्प के लिए रवाना किया गया। संस्थापक सुभाष छाबड़ा जी के नेतृत्व में महंत विजय गिरी ने महेश वशिष्ठ जी द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर उनके गंतव्य स्थान पर रवाना किया गया। इस हर्ष की बेला पर समिति के वरिष्ठ सेवादार श्री राजू छाबड़ा जी, श्री संजय गोयल जी व शुभम मेहता को उनके जन्मदिन की बधाई दी गयी। ट्रको की रवानगी के शुभ अवसर पर कुमुद गर्ग, राकेश गुसाईं, कमल किशोर, प्रमोद शर्मा, महेश कुमार, हरि मेहता मामा जी, महंत मनीष गिरी जी बिट्टू चौधरी, पिंटू कुमार, बिट्टू बजाज, अनिकेत गर्ग अंश पंडित, नवनीत छाबड़ा, राहुल गर्ग, शुभम गर्ग, वैभव अग्रवाल, राकेश मोदी आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# एसआरएम में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। एसआरएम.एनसीआर के डीन डॉ. आरपी महापात्रा, प्रबंधन अध्ययन के डीन डॉ. एनएम मिश्रा, विज्ञान और मानविकी के डीन डॉ. नवीन अहलावत, निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ ही विभागों के प्रमुखए संकाय और स्टाफ के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र का नेतृत्व सहायक प्रोफेसर सोनिया पाल ने किया। जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योग अभ्यासों के माध्यम से कुशलता पूर्वक मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पूरे मन से योगासन, मुद्रा, ध्यान और प्राणायाम में भाग लिया, और प्रत्येक अभ्यास के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव किया। पूरे सत्र के दौरान कार्यक्रम की थीम स्वयं और समाज के लिए योग पर जोर दिया गया। जिसमें योग के समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया जो न केवल व्यक्यिों को लाभ पहुंचाता है, बल्कि समाज की बेहतरी में भी योगदान देता है। इवेंट का उद्देश्य व्यक्ति और समाज के बीच की आपसी आवश्यकता को जोर देना था। जिससे उपस्थित लोगों को अपने व्यक्तिगत कल्याण को ही महत्व देने के साथ-साथ अपने आचरण और मानसिकता के द्वारा सामूहिक कल्याण पर कैसे सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, इस पर विचार करने की अपील की। योग का महत्व बताया है जो सहानुभूति, समझ और दूसरों के प्रति कर्तव्य को पोषित करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है। जिससे अंततः एक समाज को प्रोत्साहित किया जा सकता है जो अधिक सम्मिलित और सहानुभूति भरा हो।



सामान्य योग अभ्यासों के अलावा, महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। इन सत्रों का उद्देश्य योग के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, आत्मविश्वास, शक्ति और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना था। डॉ0 रंजना दुबे, डॉ0 गरिमा पांडे, डॉ0 पल्लवी जैन, डॉ0 रूपाली सिंह और संस्थान की कई प्रेरक महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति को अपनाने और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सराहना के प्रतीक के रूप में सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की टी-शर्ट दी गईं, जो योग और इसके सिद्धांतों के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक थीं। ये टी-शर्ट इस आयोजन और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व की याद दिलाती हैं। सत्र के समापन पर प्रतिभागियों को अंकुरित अनाज और जूस से युक्त सात्विक भोजन परोसा गया। सात्विक भोजन अपनी शुद्धता और मन और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव के लिए प्रसिद्ध है।

# राष्ट्रपति पुतिन और किम जोंग के बीच दिखी गहरी दोस्ती

## रूसी राष्ट्रपति हवाई जहाज की खिड़की से अलविदा कहते दिखे

**प्योंगयांग।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक दिवसीय दौरे पर उत्तर कोरिया आए थे। उनकी यह राजकीय यात्रा अब समाप्त हो चुकी है। रूस वापस से जाने से पहले पुतिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा, जिसमें वह अपने प्राइवेट जेट की खिड़की से उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को हाथ हिलाकर अलविदा कहते हुए दिख रहे हैं। पुतिन बुधवार को प्योंग्यांग एयरपोर्ट पर उतरे थे। इस एक दिवसीय दौरे के दौरान दोनों नेता 10 घंटे से अधिक समय तक एक साथ रहे। इस दौरान घोड़े को गाजर खिलाने से लेकर रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन में एक-दूसरे को घुमाने तक, दोनों नेताओं को एक-दूसरे की कंपनी का आनंद लेते हुए देखा गया।



**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहे वीडियो में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को हवाई जहाज की खिड़की से झांकते और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की तरफ हाथ हिलाते देखा गया। एक यूजर ने इस वीडियो को साझा करते हुए कहा, ₹पुतिन और किम जोंग उन का का भावुक अलविदा।

पिछले 24 वर्षों में रूसी राष्ट्रपति का उत्तर कोरिया का यह पहला दौरा था। दोनों नेताओं ने द्वितीय विश्व युद्ध में कोरिया को आजाद कराने की जंग में मारे गए रेड आर्मी के सैनिकों के स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह में हिस्सा लिया। इसके बाद किम जोंग उन ने घोड़े को गाजर खिलाया तो पुतिन ने उस घोड़े के सिर को थपथपाया। दोनों ने एक दूसरे को रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन में घुमाया।

**पुतिन ने उपहार में दी रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन :** मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने फरवरी में उत्तर कोरिया के तानाशाह को रूस निर्मित ऑरस लिमोजिन उपहार में दी थी। उन्होंने एक बार फिर यही वाहन किम जोंग उन को भेंट की। इसके बदले में किम जोंग उन ने रूसी राष्ट्रपति को दो पुंगसन कुत्ते दिए।

इस दौरान किम ने रूसी राष्ट्रपति को कोरियाई लोगों के करीबी दोस्त के रूप में संबोधित किया। बदले में पुतिन ने मेजबानी के लिए किम जोंन उन का धन्यवाद किया। उत्तर कोरिया और रूस के नेताओं ने सैन्य सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किया। किम ने रूस के साथ इन नए समझौतो को गठबंधन का नाम दिया।

# '1985 के एयर इंडिया कनिष्क बम धमाके की जांच जारी', कनाडाई पुलिस ने जारी किया बयान

**ओटावा।** कनाडा की पुलिस ने 39 साल पहले एयर इंडिया के उड़ान-182 में हुए बम धमाके को लेकर कहा कि इसकी जांच जारी है। पुलिस ने इसे सबसे लंबी और ओर सबसे जटिल 'घरेलू आतंकवाद' के मामले की जांच करार दिया।

23 जून 1985 को एयर इंडिया की कनिष्क उड़ान लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने वाली थी। लेकिन उससे 45 मिनट पहले ही उसमें विस्फोट हो गया था। जिसमे सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे।



रॉयल कनाडाई माउटेंड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबोल ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया और इस बमबारी को इतिहास में कनाडा के लोगों को प्रभावित करने वाली और आतंकवादी घटना से जुड़ा सबसे बड़ा नुकसान करार दिया। उन्होंने कहा, एयर इंडिया मामले की जांच हमारे इतिहास में की गई सबसे लंबी और निश्चित रूप से सबसे जटिल घरेलू आतंकवाद की जांच में से एक है। हमारे जांच जारी है।

टेबोल ने कहा कि इस बमबारी के प्रभाव समय के साथ कम नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन धमाकों ने पीढ़ियों को प्रभावित किया है। हमें इस त्रासदी और आतंकवाद की अन्य घटनाओं में मारे गए निदोर्षों को कभी नहीं भूलना चाहिए।

कनाडाई पुलिस की ओर से यह बयान तब सामने आया है जब भारतीय वाणिज्य दूतावासों ने इन बम धमाकों की बरसी पर कार्यक्रमों की योजना बनाई है। वैंकूवर के स्टेनली पार्क के सेपरले प्लेग्राउंड क्षेत्र में एयर इंडिया स्मारक में 23 जून को कार्यक्रम तय है। वहीं, एक और स्मारक टोरंटो के क्वीन्स पार्क के सर्विस साउथ लॉन में है।

पिछले साल खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। कनाडा की संसद ने हाल ही में निज्जर के मौन रखा था। जिसपर खूब विवाद हुआ। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर सख्त एतराज जताते हुए कहा, हम चरमपंथ को राजनीतिक जगह देने के किसी भी कदम का विरोध करता हैं। मत्रालय ने यह भी कहा कि भारत ने नई दिल्ली में कनाडाई उच्च वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध जताया है और उचित कार्रवाई की मांग की।

इससे पहले भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने 1985 में एयर इंडिया की उड़ान में बम धमाके के 329 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने की घोषणा की थी।

# ताजिकिस्तान में महिलाओं के हिजाब पहनने पर सरकार ने लगाई पाबंदी




**ताजिकिस्तान।** ताजिकिस्तान में हिजाब पर आधिकारिक रोक लग गई है। 96 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले देश की संसद में यह फैसला लिया गया। नए संशोधनों के मुताबिक, कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

संसद के उच्च सदन ह्यमजलिसी मिल्लीह्ल में विधेयक को औपचारिक मंजूरी दी गई है। विधेयक में विदेशी परिधानों को दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी छुट्टियों, ईद-उल-फित्र और ईद-उल-अजहा के लिए बच्चों के उत्सवों में शामिल होने पर भी रोक लगा दी गई है। इस दौरान बच्चे लोगों को बधाई देने के लिए घरों से निकलते हैं। यह प्रस्ताव प्रशासनिक उल्लंघन संहिता में संशोधन को मंजूरी के बाद पास हुआ है।

**घनी दाढ़ी भी प्रतिबंधित :** देश ने अनौपचारिक रूप से घनी दाढ़ी पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। 2007 में शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के लिए इस्लामी परिधान और पश्चिमी शैली की मिनीस्कर्ट दोनों पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में इस प्रतिबंध को सभी सार्वजनिक संस्थानों तक विस्तार दे दिया गया था।

**देश में छिड़ी बहस :** इस पूरे मामले पर देश में बड़ी बहस छिड़ गई है। विशेषज्ञ अलग-अलग राय दे रहे हैं। सांसदों ने नया कानून तोड़ने पर 7,920 सोमोनी (स्थानीय मुद्रा) यानी 62,172 भारतीय रुपये से लेकर कानूनी संस्थाओं के लिए 39,500 सोमोनी (3.10 लाख रु.) तक का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, सरकारी अधिकारियों और धार्मिक अधिकारियों पर दोष सिद्ध होने पर 54,000 सोमोनी (4.24 लाख रु.) से लेकर 57,600 सोमोनी (4.52 लाख रु.) तक का जुमार्ना लगाने का नियम बनाया गया है।

## पाक के पंजाब से 22 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने शनिवार को आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया।

आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता के अनुसार, उसने इस सप्ताह पंजाब के विभिन्न जिलों में 152 खुफिया-आधारित अभियान चलाए और आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) से जुड़े 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

प्रवक्ता ने कहा कि कथित आतंकवादियों को लाहौर, अटक, शेखूपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डीजी खान,

# बोइंग को जल्द ही मिल सकती है बड़ी राहत

## डीओजे का मुकदमा नहीं चलाने के संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) बोइंग के साथ एक ऐसे समझौते पर विचार कर रहा है, जिससे एयरोस्पेस दिग्गज के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने से बचा जा सकेगा। हालांकि, सुरक्षा सुधारों पर कंपनी की प्रगति की निगरानी के लिए एक संघीय पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जा सकती है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले से परिचित लोगों का कहना है कि संभावित वैकल्पिक समझौते की शर्तों, जिसे स्थगित अभियोजन समझौते या डीपीए के रूप में जाना जाता है, पर अभी भी विचार चल रहा है। हालांकि, मामले में शामिल एक अमेरिकी न्याय विभाग के अधिकारी और धोखाधड़ी अनुभाग आपराधिक प्रभाग के प्रमुख ग्लेन लियोन ने एक सिविल पार्टी के वकील को भेजे गए एक ईमेल में कहा कि विभाग ने बोइंग के संबंध में फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया है।

**क्या है मामला? :** दरअसल, डीओजे मई में इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि 2018 और 2019 में दो घातक 737 मैक्स दुर्घटनाओं के बाद बोइंग पर आपराधिक समझौते का उल्लंघन करने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है, जिसमें 346 लोगों की जान चली गई थी।

**बोइंग पर मुकदमा चलाना जोखिम भरा :** एक मीडिया रिपोर्ट ने कुछ सूत्रों के हवाले से दावा किया कि काफी बहस के बाद न्याय अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला कि बोइंग पर मुकदमा चलाना कानूनी रूप से बहुत जोखिम भरा होगा। अधिकारियों का यह भी मानना है कि निगरानीकर्ता की नियुक्ति सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार सुनिश्चित करने के लिए एक सही तरीका होगा।



# हिंदुजा परिवार ने सजा के खिलाफ दायर की अपील

## बोले- अदालत के फैसले से हैरान हैं

**लंदन।** ब्रिटेन के सबसे धनी हिंदुजा परिवार ने शुक्रवार को कहा कि वे परिवार के कुछ सदस्यों के खिलाफ जिनेवा की अदालत के फैसले से हैरान हैं। हिंदुजा परिवार ने घरेलू कामगारों का शोषण करने का दोषी ठहराए जाने वाले अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। परिवार के वकीलों ने बताया है कि हिंदुजा परिवार के किसी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया है।

**परिवार के किसी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया :** मामले की सुनवाई के दौरान हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर मानव तस्करी के भी आरोप लगे थे, लेकिन उन आरोपों से परिवार को बरी कर दिया गया है। हिंदुजा परिवार की ओर से जारी बयान में उनके वकीलों ने जोर देकर कहा कि 'उनके मुवक्किल प्रकाश और कमल हिंदुजा, और उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को सभी मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने मीडिया की उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि जिनेवा की अदालत के फैसले के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिया जा सकता है।' अदालत ने परिवार को चारों सदस्यों को चार से साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई है।

**'वादी ने शिकायत वापस ली' :** वकील येल हयात और रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है कि 'हमारे मुवक्किलों को सभी मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है। हम न्यायालय में लिए गए फैसले से स्तब्ध और निराश हैं, और हमने निश्चित रूप से उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, जिससे निर्णय का यह भाग प्रभावी नहीं रह गया है। स्विस कानून के तहत, सर्वोच्च न्यायाधिकरण द्वारा अंतिम निर्णय लागू होने तक आरोपी को निर्दोष माना जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में नहीं रखा गया है।' वकीलों ने यह भी बताया कि 'इस मामले में वादी ने अपनी संबंधित शिकायतें वापस भी ले ली थीं और कहा कि उनका ऐसी कार्यवाही में शामिल होने का कभी इरादा नहीं था। परिवार को न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और उन्हें विश्वास है कि सच्चाई सामने आएगी।'

**हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर हैं ये आरोप :** गौरतलब है कि हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जिनेवा स्थित विला पर काम करने वाले घरेलू कर्मचारियों के पासपोर्ट जब्त किए, उन्हें विला से बाहर जाने से रोका और स्विट्जरलैंड में बहुत कम पैसे में बहुत लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया। कुछ कर्मचारी कथित तौर पर केवल हिंदी बोलते थे और उन्हें अपने देश में बैंकों में रुपये में वेतन दिया जाता था। हिंदुजा परिवार पर घरेलू कामगारों का शोषण करने का आरोप है। परिवार की कानूनी टीम ने आरोपों का खंडन किया और अदालत को बताया कि कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया गया और उन्हें आवास प्रदान किया गया।

# अल-मवासी की पहाड़ी चोटियों से इस्राइल का हमला जारी

**यरुशलम।** इस्राइली सेना ने दक्षिणी गाजा समेत अन्य इलाकों में हमला किया, जिसमें 45 फलस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस्राइली राफा पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश में है। टैंक के जरिए शहर के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में कब्जा करने की कोशिश जारी है।

इस्राइली सेना ने केंद्र, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में पहले से ही कब्जा कर लिया है। हवाई जहाज और टैंकों से जारी फायरिंग के कारण स्थानीय लोग शहर छोड़कर जाने को मजबूर हैं। कुछ महीने पहले ही विस्थापित हुए लोगों को एक बार फिर अपना स्थान बदलना पड़ रहा है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पश्चिमी राफा के मवासी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 50 के करीब घायल हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने मौजूदा हालात पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, दो टैंकों को मवासी की पहाड़ी चोटियों पर रखा गया। उनमें से आग के गोले छोड़े जा रहे हैं। ये आग के गोले विस्थापित लोगों के तंबुओं पर गिर रहे हैं।

**घटना की समीक्षा कर रहें इस्राइली सेना :** इस्राइली सेना ने बताया कि घटना की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, प्रारंभिक जांच से मालूम चला है कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में आईडीएफ (इस्राइली रक्षा बलों) द्वारा हमला किया गया था।

इससे पहले सेना ने कहा था कि राफा क्षेत्र में खुफिया आधारित कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगों का पता भी लगाया गया।

# मौत के एक साल बाद भी वैगनर ग्रुप के संस्थापक प्रिगोझिन की लोकप्रियता बरकरार, लोग बोले- वह महान व्यक्ति

**मास्को।** रूस के खूंखार वैगनर ग्रुप के संस्थापक येवगेनी प्रिगोझिन की मौत को एक साल का समय पूरा होने वाला है। एक समय बगावत का बिगुल फूंकने वाले प्रिगोझिन और उनके वैगनर ग्रुप के भाड़े के सैनिकों ने राजधानी मॉस्को की तरफ चढ़ाई शुरू कर दी थी, लेकिन अब राजधानी मॉस्को में ही कई लोगों ने उनकी तारीफ की और उन्हें महान व्यक्ति करार दिया। उल्लेखनीय है कि प्रिगोझिन ने 23-24 जून 2023 को बगावत का एलान करते हुए अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ कूच का आदेश दिया था, लेकिन इसके दो महीने बाद ही येवगेनी प्रिगोझिन की एक रहस्यमयी हवाई जहाज दुर्घटना में मौत हो गई थी।



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को सबसे बड़ी चुनौती देने के बावजूद प्रिगोझिन और उनके वैगनर समूह का सम्मान जारी है। वैगनर ग्रुप के केयरटेकर के रूप में काम कर रहे 60 वर्षीय अलेक्जेंडर उल्यानोव ने कहा, 'उन्होंने (येवगेनी प्रिगोझिन) मुश्किल समय में रूस के लिए बहुत कुछ किया। वह महान व्यक्ति थे। वैगनर ग्रुप ने यूक्रेन में रूस के सबसे लंबे और सबसे खूनी सैन्य अभियानों का नेतृत्व किया, जिसमें पूर्व में बखमुत शहर के लिए लड़ाई भी शामिल है।

उल्यानोव ने कहा कि 'प्रिगोझिन हमारे दिलों में जीवित हैं, अगर लोग उन्हें याद करते हैं, तो वे जीवित हैं। उल्यानोव ने प्रिगोझिन की तुलना मिखाइल कुतुजोव जैसे ऐतिहासिक जनरलों से की, जिन्होंने नेपोलियन से लड़ाइयों के दौरान रूसी सैनिकों का नेतृत्व किया था। एक पूर्व हॉटडॉग विक्रेता और सजायाफ्ता अपराधी, प्रिगोझिन 1990 के दशक में पुतिन के संपर्क में आए, बाद में उन्होंने कैटरिंग बिजनेस से नाम कमाया।

**पुतिन का करीबी माना जाता था, फिर उन्हीं के खिलाफ की बगावत :** इसके बाद 'पुतिन के रसोइये' के उपनाम से जाने जाने वाले प्रिगोझिन का रूस में प्रभाव तेजी से बढ़ा और उन्होंने सरकारी अनुबंध हासिल किए। प्रिगोझिन ने साल 2014 में वैगनर समूह की स्थापना की। प्रिगोझिन की मौत के बाद क्रेमलिन ने उनकी मौत में कोई हाथ होने से साफ इनकार किया। प्रिगोझिन की मौत पर राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें प्रतिभाशाली व्यवसायी बताया, जिन्होंने गंभीर गलतियां की। मास्को के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को हटाने की अपनी कोशिश में, प्रिगोझिन के लड़ाकों ने रूस के दक्षिणी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में रूसी सेना के मुख्यालय पर कब्जा कर लिया था।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, फिलहाल वापस नहीं आएगा बोइंग स्टारलाइनर

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू के आठ अन्य सदस्यों के लिए एक बार फिर एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है।

नासा ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अंतरिक्ष यात्रियों के पहले दल को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यहां तक कि नासा ने वापसी की कोई नई तारीख भी नहीं बताई है।

अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग जानना चाह रहे हैं कि मिशन के दो अंतरिक्ष यात्री कब लौटेंगे। टेस्टिंग और तकनीकी मुद्दों के कारण पहले से ही देरी हुई है।

बता दें, अंतरिक्ष यान की वापसी पहले 26 जून को निर्धारित की गई थी।



**कब आएंगे अंतरिक्ष यात्री वापस? :** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने पांच जून को उड़ान भरी थी। 2019 के बाद से इसे दो बार बिना इंसान के अंतरिक्ष में भेजा गया है। इसके थ्रस्टर्स को पांच विफलताओं और पांच हीलियम रिसाव का सामना करना पड़ा है।

नासा और बोइंग को खराबी का सामना करना पड़ा और अतिरिक्त परीक्षण करने पड़े, जिससे यह सवाल उठता है कि वास्तव में स्टारलाइनर अपने चालक दल को कब तक वापस ला सकेगा। इसके आलावा इस अंतरिक्ष यान की कई समस्याएं सामने आई हैं।

## कई समस्याओं से जूझ रहा स्टारलाइनर

गौरतलब है, कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 4.5 अरब डॉलर के नासा डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट के अलावा लागत में वृद्धि पर 1.5 अरब डॉलर खर्च किए हैं। नासा चाहता है कि स्टारलाइनर दूसरा अमेरिकी अंतरिक्ष यान बने जो स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जा सके। बोइंग का स्टारलाइनर कार्यक्रम वर्षों से सॉफ्टवेयर गड़बड़ियों, डिजाइन समस्याओं और उपठेकेदारों के विवाद से जूझ रहा है। स्टारलाइनर छह जून को डॉक करने के लिए स्पेस स्टेशन के करीब पहुंचा तो थ्रस्टर फेलियर देखा गया। इस कारण अंतरिक्ष यान स्पेस स्टेशन के पास तब तक नहीं गया, जब तक इसे

### स्पेस स्टेशन में मिली इस चीज ने वैज्ञानिकों के उड़ाए थे होश

इससे पहले आईएसएस के अंदर एक सुपरबग के होने की जानकारी सामने आई थी। वैज्ञानिकों ने एंटरोबैक्टर बुगंडेंसिस नामक एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया का पता लगाया था।

यह आईएसएस के बंद वातावरण में विकसित होकर अधिक प्रभावशाली हो चुका है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया है, जिसकी वजह से इसका नाम सुपरबग रखा गया है। यह बैक्टेरिया श्वसन तंत्र को संक्रमित करता है।

### सुनीता का रिकॉर्ड

सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं। वह पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गई, और 22 जून 2007 तक वहां रहीं। इसके बाद वह 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं।

# नैंसी पेलोसी के पति पर हथौड़े से वार करने वाले को कोर्ट ने माना दोषी, घर में घुसकर किया था हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पॉल पेलोसी पर हथौड़े से हमला करने से जुड़े सभी आरोपों में 44 वर्षीय डेविड डेपेप को दोषी पाया गया।

**अमेरिका की राज्य जूरी ने डेपेप को ट्रायल के दौरान इन पांच मामलों में दोषी पाया है-**

-गंभीर अपहरण के परिणामस्वरूप शारीरिक नुकसान या मृत्यु

-किसी बुजुर्ग या आश्रित वयस्क को गलत कारावास

-सरकारी अधिकारियों के परिवार को धमकी देना

-घर से चोरी करना

-किसी गवाह को धमकी देकर रोकना

अदालत के अधिकारियों ने बताया कि जूरी सभी पांच मामलों में सर्वसम्मति से फैसले पर पहुंची। जूरी ने मंगलवार दोपहर सैन फ्रांसिस्को में इस मामले में विचार-विमर्श शुरू किया। हालांकि, जूनटीन्थ की छुट्टी के कारण बुधवार को अदालत बंद थी, इसलिए शुक्रवार दोपहर को फैसला सुनाया गया।



सैन फ्रांसिस्को के पब्लिक डिफेंडर एडम लिप्सन ने अपने अंतिम तर्क में कहा कि डेपेप एकांत जीवन जी रहे थे और वह प्रचार और षड्यंत्र के सिद्धांतों के जाल में फंस गए थे। इसी के चलते 28 अक्तूबर 2022 में नैंसी पेलोसी के घर में घुस गए।

**पॉल की बहादूरी आई काम :** वहीं, नैंसी पेलोसी के प्रवक्ता आरोन बेनेट ने बताया कि स्पीकर पेलोसी और उनका परिवार पॉल पेलोसी की बहादुरी से हैरान हैं, जो इस मुकदमे में गवाह के तौर पर फिर से सामने आए। ठीक वैसे ही जैसे हमले की रात उन्होंने अपनी जान बचाई थी। बेनेट ने आगे कहा कि पॉल ने हर दिन अपने स्वास्थ्य को लेकर साहस और धैर्य का परिचय दिया है। हालांकि इस मामले में फिलहाल नैंसी और उनका पूरा परिवार कुछ नहीं कहना चाहता।

**30 साल की सुनाई गई थी सजा :** इससे पहले, नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने के दोषी व्यक्ति को 30 साल की सजा सुनाई गई थी। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई थी, जिसे जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया था। अभियोजकों ने डेविड को 40 साल की सजा की मांग की थी।

# हाउस टैक्स वसूली की रफ्तार को बनाए रखें अधिकारी : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत हाउस टैक्स वसूली को लेकर टैक्स विभाग बेहतर कार्य कर रहा है जिसमें देखने में आया है कि दो माह में विभाग द्वारा लगभग 38 करोड़ की वसूली की जा चुकी है, समस्त जोनल प्रभारी संपत्ति की पैमाइश का कार्य निरंतर कर रहे हैं, बिल वितरण का कार्य भी टीम के द्वारा कराया जा रहा है' नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार अधिक से अधिक कर वसूली को ऑनलाइन करने के लिए निरंतर जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के अंतर्गत लगभग 36 करोड़ की वसूली अप्रैल मई तथा जून में हुई थी।

इस वर्ष दो माह के भीतर 38 करोड़ 67 लाख की वसूली की जा चुकी है' मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार कर वसूली को बढ़ाने का कार्य चल रहा है जिसमें समस्त जोनल प्रभारी के साथ कार्य योजना भी बनाई गई है बिल वितरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है सेल्फ एसेसमेंट के फॉर्म भी वितरित किए जा रहे हैं ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने की प्रक्रिया हेतु शहर वासियों को जागरुक भी किया जा रहा है'

# सदगुरु साहेब कबीर के प्राकट्य दिवस पर भंडारे का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सदगुरु सेवा समिति युवा विकास प्रयास समिति के तत्वाधान में सदगुरु साहेब कबीर जी के प्राकट्य दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सिकंदर यादव के कार्यालय पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस भंडारे में सभी वर्गों के लोगो ने भाग लिया। इस अवसर सिकंदर यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# न्याय खंड तीन श्रीराम चौक पर सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित न्याय खंड तीन में श्रीराम चौक के पास पिछले तीन माह से सीवर ओवरफ्लो से लोग परेशान हो रही है। सड़क गंदा पानी भरने से आवाजाही प्रभावित हो रही है। सीवर का पानी भरने से कॉलोनी में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। श्रीराम मार्केट के व्यापारी अनिल महेंदीर्त्ता ने बताया कि दुकानों के सामने गंदा पानी भरने से बुरी स्थिति हो गई है।

ओवरफ्लो की समस्या आए दिन बनी रहती है। इससे सबसे ज्यादा व्यापारियों को परेशानी होती है। पार्षद अनुज त्यागी का कहना कि न्यायखंड तीन में जो सीवर की समस्या है इस को तीन बार सफाई कराई गई है। इस कि समस्या जीडीए सहायक अभियंता पीयूष सिंह को बताई उन्होंने कहा कि इस मार्केट में किसी ने भी सीवर का कनेक्शन नही ले रखा है।

इस लिए कर्मचारी सीवर साफ करने में आनाकानी करते है। इस सम्बंध में पार्षद अनुज त्यागी में जीडीए से पत्र के माध्यम से जानकारी ली है कि मार्केट वाले जल्द से जल्द कनेक्शन कराए।

# वसुंधरा में गैस सिलेंडर में लीकेज से हुआ हादसा फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-18 स्थित गार्डेनिया ग्रीन्स सोसाइटी में शनिवार को खाना बनाते वक्त सिलेंडर लीकेज से आग लग गई। पूरे फ्लोर पर धुआं भर गया। समय रहते फ्लोर पर रहने वाले बाकी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। फायर कर्मी ने करीब एक घंटे में आग बुझा ली। आग लगने से फ्लैट का ज्यादातर सामान जलकर राख हो गया। हालांकि जनहानि कोई नहीं हुई।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया, शनिवार दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट पर वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि गार्डेनिया ग्रीन सोसाइटी के फ्लैट नंबर बी-803 में आग लग गई है। इस सूचना पर तुरंत सीएफओ ओर एफएसओ और दो फायर कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। यहां पर आग आठवें फ्लोर पर जनमली शर्मा के फ्लैट में लगी हुई थी। खिड़कियों से निकाला धुआं फायर टीम ने शीघ्रता से भूतल से आठवें तल तक होज लाईन फैलाकर फायर फाइटिंग शुरू की। धुआं अधिक होने के कारण खिड़कियों के माध्यम से धुएं को बाहर निकाला गया। घर में रखे एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग पूरे घर में फैल गई थी। फायर टीम ने आसपास के घरों को सुरक्षित बचा लिया और एक बड़ी घटना होने से बचाया। इस आग में रखा घरेलू सामान जल गया, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जून के महीने में एक तरफ फूल वाले बबूल हो रहे हैं तो एक्स वाले रिलेक्स है और कूल हैं। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने मीठे ठंडे जल का वितरण किया। संदेश है कि सब कुछ कूल हैं एकदम स्वीट है। आप भी जल पीजिए समस्या भी हल हो जाएगी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।


## शोक संदेश



**स्व० श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी**

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री कृष्ण कुमार त्यागी जी पुत्र स्व. श्री शौनाथ सिंह त्यागी का स्वर्गवास दिनांक 11/06/2024 दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभू की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी रस्म पगडी दिनांक 23/06/2024 दिन रविवार को हमारे निज निवास पर होनी निश्चित हुई है।

**!! कार्यक्रम स्थल !!**

सेक्टर बी-1, प्लॉट नं सी-194, ट्रोनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद

**श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी**

हवन.......................................प्रातः 8.00 बजे
ब्रहमभोज.................................प्रातः 10.00 बजे
रस्म पगड़ी..............................दोपहर 2.00 बजे

!! शोकाकुल परिवार !!
बसंत त्यागी (पुत्र) प्रदेश मंत्री भाजपा
ममता बसंत त्यागी (पुत्र वधू) अध्यक्ष जिला पंचायत गंजियाबाद
(M) 9310145567, 8505995097

## रस्म पगड़ी



मान्यवर,

हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुन्तला देवी (धर्मपत्नी स्व. लाला बुद्ध प्रकाश गर्ग) का स्वर्गवास सोमवार दिनांक 17 जून 2024, को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**कार्यक्रम**
रविवार, दिनांक 23 जून 2024
समय : अपरान्ह .......... 3 बजे

**स्थान : डायमण्ड पैलेस, 17A कविनगर इण्डस्ट्रियल ऐरिया, गाजियाबाद**

**शोकाकुल परिवार**

सुपुत्र –
प्रेम प्रकाश गर्ग (एडवोकेट)
डा. ज्ञान प्रकाश गर्ग
वेद प्रकाश गर्ग (खादी वाले)
जगत प्रकाश गर्ग

सुपौत्र –
डा. अनुभव, प्रशान्त
उज्जवल, डा. नितिन
सुमित, हिमांशु

प्रपौत्र – मलव, ऐकांश, लविथ
प्रपौत्री – अव्या, तायशा, नायरा, ऐशल, श्रीं, वान्या